* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 56

शीतकालीन सत्र के 10वें दिन काम नहीं, सोमवार तक स्थगित, सोनिया 14 निलंबित सांसदों से मिलीं।






## हेमंत सरकार ने झारखंड आंदोलनकारियों को दिया तोहफा

# आश्रितों को नियुक्ति में 5 फीसदी क्षैतिज आरक्षण

- राज्य के नियोजन पदाधिकारी के ग्रेड पे में संशोधन को मंजूरी
- सावित्री बाई फुले सहायता योजना में संशोधन की मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों को नियुक्ति में पांच फीसदी क्षैतिज आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके अलावा रांची के केतारी बगान में आरओबी निर्माण के लिए 44 करोड़ रुपये, सावित्री बाई फुले सहायता योजना में संशोधन, जमशेदपुर में इंडस्ट्रियल टाउनशिप के गठन समेत विभिन्न विभागों के कुल 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**महिलाओं और दिव्यांगों को भी मिलेगा लाभ:** कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बैठक में लिये गये फैसले के बारे में जानकारी दी। हेमंत सरकार ने झारखंड आंदोलनकारियों के परिजनों को सौगात दी है। कैबिनेट ने झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण अधिनियम, 2001 में संशोधन के लिए विधेयक-2023 की मंजूरी दी। इसके तहत राज्य सरकार की रिक्तियों में आंदोलनकारियों के आश्रित को पांच प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है। सरकार की तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नियुक्तियों में हर आंदोलनकारी के एक आश्रित को पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा। इसके लिए झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण अधिनियम 2001 में संशोधन किया जायेगा। आंदोलनकारी के आश्रित के अलावा महिलाओं को भी रिक्तियों में पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा। दिव्यांगों को भी इस व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

## कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों को मिली मंजूरी



### केतारी बगान में आरओबी बनेगा

डिपॉजिट बेसिस पर राज्य सरकार ने 44.80 करोड़ की लागत से नामकुम के केतारी बगान में आरओबी निर्माण की मंजूरी दी है। यह आरओबी नामकुम-रांची स्टेशन के बीच बनेगा। इसके बनने से इस इलाके के लोगों को हर दिन के जाम से मुक्ति मिलेगी। उधर, झारखंड विधानसभा में नियुक्ति एवं प्रोन्नति में बरती गयी अनियमितता की जांच के लिए एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता में गठित एक सदस्यीय न्यायालय की समर्पित रिपोर्ट को आवश्यक कार्रवाई के लिए विधानसभा में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- बोकारो में 500 बेड के अस्पताल का नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण की मंजूरी।
- गुमला, दुमका और वंशीधर नगर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना के लिए राशि स्वीकृत।
- सेंट्रल रोड फंड के अंतर्गत एनएच 114 में जरमुंडी से बेलडहा तक फोरलेन करने की मंजूरी।
- राज्य के नियोजन पदाधिकारी का ग्रेड पे में संशोधन की मंजूरी।
- झारखंड पदों एवं सेवा में रिक्तियों में आरक्षण अधिनियम में संशोधन
- सरायकेला-खरसावां में सड़क के लिए 101 करोड़ की मंजूरी
- झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति-2021 में आंशिक संशोधन की स्वीकृति।
- राज्य की आइटी डेटा सेंटर की पॉलिसी के निर्धारण को मंजूरी
- विनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय के लिए 77 करोड़ की मंजूरी
- लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को विधानसभा में पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी
- न नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक, 2023 के अनुमोदन की स्वीकृति।
- प्रज्ञान इंटरनेशनल विश्वविद्यालय अधिनियम, 2016 को निरस्त करने की स्वीकृति।
- जमशेदपुर में इंडस्ट्रियल टाउनशिप के गठन को मंजूरी

## सांसद धीरज साहू मामला विधानसभा तक पहुंचा

# भाजपा ने सीबीआइ जांच की मांग को लेकर किया प्रदर्शन




शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन के बाहर तख्ती लेकर बैठे विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने सांसद धीरज साहू का मामला उठाया। भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की। विधायकों ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू के आवास और अन्य ठिकानों से बरामद करीब 400 करोड़ रुपये के मामले की सीबीआइ जांच की मांग की और सरकार से जवाब भी मांगा की।

विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि पार्टी सदन के अंदर भी धीरज साहू समेत अन्य मुद्दों को उठायेगी। विरोधी दल के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने कहा कि धीरज साहू मामले में कांग्रेस पार्टी सवालों से भाग नहीं सकती। धीरज साहू ने 38 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है तो उनके पास 400 करोड़ रुपये कहां से आये। इसका जवाब कांग्रेस पार्टी को सदन में देना होगा। यदि यह उनकी वैध कमाई है तो इतनी राशि कोई अपने घर में नहीं रख सकता। यह कांग्रेस की काली कमाई है। यह साबित करता है कि राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

### कांग्रेस विधायकों ने बचाव किया

वहीं, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि धीरज साहू के साथ पूरी कांग्रेस पार्टी खड़ी है। वह गरीबों के मसीहा हैं। आजादी से पहले ही उनका व्यवसाय करोड़ों में था। भाजपा बेवजह हंगामा कर रही है। वहीं दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि बीस हजार करोड़ रुपये से बने संसद भवन की सुरक्षा केंद्र सरकार नहीं कर पा रही है। यह एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन इसे छोड़ भाजपा बेवजह हंगामा कर रही है। वहीं कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने कहा कि वर्षों से धीरज साहू का व्यवसाय चलता आ रहा है। उनका कारोबार करोड़ों में है, भाजपा का आरोप कितना उचित है, यह जनता जानती है।

## दिनेश गोप के खूंटी स्थित पांच ठिकानों पर एनआइए का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनआइए की टीम शुक्रवार सुबह से जेल में बंद पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के खूंटी स्थित पांच ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार, एनआइए की टीम जहां छापेमारी कर रही है, सभी दिनेश गोप के साथ नक्सली गतिविधि से जुड़े हैं। नक्सलियों के एक बड़े नेटवर्क पर मिले इनपुट के बाद एजेंसी ने छापेमारी शुरू की है। झारखंड के खूंटी के पांच स्थानों के अलावा बिहार, दिल्ली और मध्यप्रदेश में 26 ठिकानों पर एनआइए की रेड जारी है। दिनेश गोप को एनआइए ने 21 मई को नेपाल से गिरफ्तार किया था। झारखंड पुलिस ने एनआइए के सहयोग से उसे पकड़ा था। दिनेश गोप पर 25 लाख का इनाम था। खूंटी, सिमडेगा, रांची, गुमला, चाइबासा और लोहरदगा में पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप का खौफ था।

## न्यूज रील्स

### दुष्कर्म मामले में भाजपा विधायक को 25 साल की कैद

सोनभद्र। उत्तरप्रदेश के सोनभद्र में दुद्धी सीट से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को किशोरी से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने 25 साल की कैद तथा 10 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी है। अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को मिलेगी। सोनभद्र की एमपी-एमएलए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। विधायक के खिलाफ नवंबर 2014 में म्योरपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था और आठ सालों की लंबी सुनवाई के बाद फैसला आया है। विधायक को किशोरी के साथ दुष्कर्म का दोषी पाया गया है।

### रूंगटा धमकी केस: मुख्तार को पांच साल की सजा

वाराणसी। कोयला व्यवसायी नंद किशोर रूंगटा के भाई महावीर प्रसाद रूंगटा को धमकी देने के मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया। एमपी-एमएलए कोर्ट के पीठासीन अधिकारी उज्जवल उपाध्याय ने मुख्तार अंसारी को साढ़े पांच साल की सजा सुनायी। साथ ही 10 हजार का जुर्माना भी लगाया। गौरतलब है कि पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी बांदा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है।

### नयी मस्जिद की नींव मक्का के इमाम रखेंगे

अयोध्या। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर का लोकार्पण होना है। इसी बीच अयोध्या में मस्जिद की नींव रखने की भी खबर सामने आयी है। रामनगरी से करीब 25 किमी दूर इस मस्जिद की नींव मक्का के इमाम अब्दुल रहमान अल सुदैस रखेंगे। हाजी अराफात शेख को मस्जिद विकास समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। मस्जिद का नाम मोहम्मद बिन अब्दुल्ला रखा जायेगा।

## कृष्ण जन्मभूमि-शाही इदगाह विवाद

# मुस्लिम पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट से झटका

इलाहाबाद हाइकोर्ट के 14 दिसंबर को दिये फैसले पर रोक लगाने से किया इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कृष्ण जन्मभूमि-शाही इदगाह परिसर विवाद में मुस्लिम पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाइकोर्ट के 14 दिसंबर को दिये गये फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।


गौरतलब है कि इलाहाबाद हाइकोर्ट ने गुरुवार को शाही इदगाह विवाद से जुड़े 18 मामलों में से 17 मामलों की सुनवाई की थी। सुनवाई के बाद हाइकोर्ट ने मथुरा स्थित शाही ईदगाह परिसर का सर्वे करने का निर्देश दिया। यह सर्वे अधिवक्ता आयुक्तों की टीम करेगी। हालांकि सर्वे कब शुरू होगा, इसकी तारीख आनी अभी बाकी है। इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्षकारों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था और हाइकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट 9 जनवरी को इस मामले पर सुनवाई करेगा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही इदगाह परिसर की 13.37 एकड़ जमीन को लेकर विवाद है। इस जमीन का कमिश्नर सर्वे वाराणसी की ज्ञानवापी परिसर की तरह होगा। अधिवक्ता आयुक्तों की टीम विवादित परिसर में जाकर सबूत जुटायेगी और कोर्ट को अपनी रिपोर्ट देगी।

हाइकोर्ट 18 दिसंबर को इस मामले पर फिर सुनवाई करेगा, जिसमें सर्वे के तरीके, सर्वे करने वाली टीम के सदस्यों के नाम, सर्वे कब होगा और सर्वे की फोटो और वीडियोग्राफी कैसे होगी? इस पर निर्देश दिये जायेंगे।

## लोकसभा घुसपैठ मामला

### मास्टरमाइंड सात दिन की रिमांड पर

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** संसद में घुसपैठ मामले के मास्टरमाइंड ललित मोहन झा को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने शुक्रवार को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। ललित ने गुरुवार देर रात दिल्ली पुलिस थाने में सरेंडर किया था। ललित ने संसद में घुसपैठ का वीडियो बना कर इंस्टाग्राम पर डाला। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया था। पुलिस की दबिश बढ़ने के बाद उसने सरेंडर किया। वहीं, दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम शनिवार या रविवार को संसद में सुरक्षा चूक के सीन को रीक्रिएट करेगी। आरोपियों को संसद परिसर ले जाया जायेगा।




# धोनी की याचिका पर पूर्व आइपीएस अफसर को सजा

- मद्रास हाइकोर्ट ने 15 दिन जेल की सजा सुनायी
- अधिकारी ने मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई।** मद्रास हाइकोर्ट ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की याचिका पर शुक्रवार को रिटायर्ड आइपीएस अफसर जी संपत कुमार को 15 दिनों की कैद की सजा सुनायी है। हालांकि सजा को 30 दिनों के लिए स्थगित रखा है। जिससे वह फैसले के खिलाफ अपील कर सकें।

गौरतलब है कि जी संपत कुमार 2013 में तमिलनाडु पुलिस के सीआइडी के अधिकारी थे। उन्होंने 2013 आइपीएल सट्टेबाजी मामले की शुरुआती जांच की थी। उन पर सट्टेबाजों को छोड़ने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगा था। इसलिए उन्हें केस से हटा दिया गया था। संपत ने इस केस में धोनी का नाम भी शामिल किया था। इस पर धोनी ने जी संपत कुमार और एक टेलीविजन चैनल ग्रुप के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का केस किया था। धोनी ने संपत के खिलाफ अवमानना ??याचिका भी दायर की थी। इस याचिका में संपत की ओर से सुप्रीम कोर्ट और मद्रास हाइकोर्ट के खिलाफ की गयी अपमानजनक टिप्पणियों का हवाला दिया था।



### धोनी की नंबर-7 जर्सी रिटायर

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की नंबर-7 जर्सी अब किसी अन्य भारतीय क्रिकेटर के लिए उपलब्ध नहीं होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने इसे रिटायर करने का फैसला किया है। धोनी के इंटरनेशनल रिटायरमेंट के करीब तीन साल बाद बोर्ड ने यह फैसला लिया। धोनी से पहले सचिन तेंदुलकर की नंबर-10 जर्सी को भी यह सम्मान मिला था। साल 2017 में सचिन की नंबर-10 जर्सी को भी हमेशा के लिए रिटायर कर दिया गया था। धोनी ने 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। वे टेस्ट से 2014 में ही संन्यास ले चुके थे। धोनी ने अपनी कप्तानी में देश को 2007 में टी-20 और 2011 में वनडे वर्ल्ड कप के अलावा 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जितायी है। उन्होंने ने 90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी-20 खेले हैं। इनमें उन्होंने 4,876 रन टेस्ट में, 10,773 रन वनडे में और 1,617 रन टी-20 मैच में बनाये हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,900 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो



# अदालती फैसले से जगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति की उम्मीद

## ■ करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केंद्र के सर्वे का आदेश देकर कोर्ट ने दिखायी राह

## ■ मथुरा में भव्य मंदिर के निर्माण से ही दूर होगी हिंदुओं के मन की युगों की पीड़ा

आजाद सिपाही विशेष

इलाहाबाद हाइकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटी शाही ईदगाह मस्जिद का अपनी देखरेख में सर्वेक्षण कराये जाने को मंजूरी दे दी है। यह सर्वेक्षण हाइकोर्ट की ओर से तय एडवोकेट कमिश्नर की निगरानी में होगा। श्री कृष्ण विराजमान की ओर से दाखिल अर्जी पर कोर्ट ने यह मांग स्वीकार कर ली है। जस्टिस मयंक कुमार जैन की एकल पीठ के इस फैसले के बाद अब करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केंद्र श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति की उम्मीद जग गयी है। भारत में हिंदुओं की आस्था के तीन केंद्रों, अयोध्या, काशी और मथुरा की मुक्ति के लिए वर्षों पहले शुरू किये गये अभियान का यह दूसरा पड़ाव है। प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि को पूरी तरह मुक्त कराने के बाद अब वहां भव्य मंदिर बन गया है। इसी तरह अब मथुरा में भी भव्य मंदिर का निर्माण होगा और हिंदुओं का संघर्ष एक बार फिर अपना रंग दिखायेगा। मुस्लिम आक्रांताओं द्वारा तहस-नहस कर दिये गये धार्मिक स्थलों को मुक्त कराने की दिशा में इस फैसले को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि सर्वे से सब कुछ शीशे की तरह साफ हो जायेगा कि किस तरह श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बनाये गये मंदिर को तोड़ कर वहां ईदगाह बना दी गयी थी। अदालत ने जिन याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया है, उनमें यह दावा किया गया था किभगवान श्रीकृष्ण का जन्मस्थान मस्जिद के नीचे है। वहां ऐसे कई प्रतीक हैं, जो स्थापित करते हैं कि मस्जिद एक हिंदू मंदिर है। वहां एक कमल के आकार का स्तंभ और शेषनाग की छवि मौजूद है। शेषनाग ने ही भगवान कृष्ण की रक्षा की थी। अर्जी में यह भी दावा किया गया है कि मस्जिद के स्तंभ के निचले हिस्से पर हिंदू धार्मिक प्रतीक और नक्काशी भी दिखाई देती है। अदालत ने इन दावों को स्वीकार किया और सर्वे का आदेश दिया है। क्या है श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद का इतिहास और क्या है अदालत के आदेश का मतलब, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और उससे पहले अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की तरह मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि भी कानूनी लड़ाई के केंद्र में है। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर स्थित शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे का आदेश देकर इस कानूनी लड़ाई को नया विस्तार दे दिया है। अदालत के फैसले के बाद यह मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। 406 साल पुराने मंदिर का विवाद भी काफी गहरा है। ओरछा राजा ने मंदिर का निर्माण कराया, तो मुगल शासक ने इसे ध्वस्त कर वहां पर मस्जिद का निर्माण करा दिया। इसके बाद से विवाद लगातार गहराता रहा है। अदालत के फैसले के बाद श्रीकृष्ण जन्मभूमि- शाही मस्जिद विवाद अब एक अलग दिशा में जाता दिख रहा है। ऐसे में मंदिर पर विवाद का इतिहास भी याद किया जाने लगा है।

### जन्मभूमि मंदिर पर गहरा है विवाद का इतिहास

पौराणिक इतिहास के मुताबिक 5132 साल पहले भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को राजा कंस के मथुरा कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इस स्थान को कटरा केशवदेव के नाम से जाना जाता है। भगवान श्रीकृष्ण के विश्वभर में भक्त हैं। 1618 इस्वी में ओरछा के राजा वीर सिंह बुंदेला ने जन्मभूमि मंदिर निर्माण कराया था। इसे मुगल शासक औरंगजेब ने ध्वस्त कर शाही मस्जिद ईदगाह का निर्माण कराया। इसके बाद गोवर्धन युद्ध के दौरान मराठा शासकों ने आगरा-मथुरा पर आधिपत्य जमा लिया। मस्जिद हटा कर श्रीकृष्ण मंदिर का निर्माण करवाया गया। इसके बाद ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन आ गया। ब्रिटिश सरकार ने सन 1803 में 13.37 एकड़ जमीन कटरा केशव देव के नाम नजूल भूमि घोषित कर दी। सन 1815 में बनारस के राजा पटनीमल ने इसे अंग्रेजों से खरीद लिया। मुस्लिम पक्ष के स्वामित्व का दावा खारिज कर दिया गया और 1860 में बनारस के राजा के वारिस राजा नरसिंह दास के पक्ष में डिक्री हो गयी। इसके बाद हिंदू-मुस्लिम पक्ष के बीच विवाद चलता रहा। 1920 के फैसले में मुस्लिम पक्ष को निराशा मिली। कोर्ट ने कहा कि 13.37 एकड़ जमीन पर मुस्लिम पक्ष का कोई अधिकार नहीं है। 1944 में पूरी जमीन का पंडित मदनमोहन मालवीय और दो अन्य के नाम बैनामा कर दिया गया। जेके बिड़ला ने इसकी कीमत का भुगतान किया। इससे पहले 1935 में मस्जिद ईदगाह के केस को एक समझौते के आधार पर तय किया गया था। इसके बाद 21 फरवरी 1951 को श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट बना, लेकिन 1958 में वह अर्थहीन हो गया। इसी साल मुस्लिम पक्ष का एक केस खारिज कर दिया गया। 1977 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ बना, जो बाद में संस्थान बन गया।



### मुगलों की गद्दी का खेल

इतिहासकार मोहम्मद इब्ने अब्द अल-जब्बार उतबी ने लिखा है कि 1031 में जब महमूद गजनी की सेनाएं मथुरा की सड़कों से होकर गुजरी थीं, वहां के मंदिर में शुद्ध सोने से बनी पांच मूर्तियां थीं, जिनकी ऊंचाई करीब पांच हाथ थी। उनमें से एक ऐसी थी, जिसे अगर सुल्तान बाजार में खुला देख लेता, तो उसे पचास हजार दीनार में भी सस्ता समझता। इसलिए सेना ने पूरे शहर को तबाह कर दिया, तमाम मंदिरों को ध्वस्त कर दिया, मूर्तियों को लूट लिया और वहां से कन्नौज की तरफ बढ़ गयी। हालांकि इतिहास में यह बात कहीं दर्ज नहीं है कि दरअसल महमूद गजनी ने कौन से मंदिरों को नष्ट कराया, लेकिन उसने मथुरा के सभी मंदिरों को न केवल नष्ट किया, बल्कि वहां की मूर्तियों को भी लूट लिया, इसका स्पष्ट उल्लेख मिलता है। उन मंदिरों में ही श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर था, जिस पर बाद में ईदगाह मस्जिद का निर्माण करा दिया गया। 1605 ईस्वी में तीसरे मुगल सम्राट जलालुद्दीन अकबर की मौत के बाद, ओरछा के राजपूत शासक वीर सिंह देव ने मथुरा में एक भव्य मंदिर का निर्माण शुरू कराया। वीर सिंह के पिता मधुकर शाह किसी समय पर मुगल गद्दी के सहयोगी रहे थे, लेकिन नये राजा किन्हीं कारणों से अकबर से शत्रुता रखते थे। मधुकर शाह की मौत के बाद उनके सबसे बड़े बेटे राम शाह को मुगल शासन की ओर से ओरछा का शासक नियुक्त कर दिया गया। वीर सिंह ने अपने भाई के खिलाफ बगावत कर दी, और आखिरकार अकबर के असंतुष्ट बेटे नूरुद्दीन मोहम्मद सलीम की सेनाओं में शामिल हो गये, जो भावी मुगल सम्राट जहांगीर थे। अन्य सेवाओं के अलावा उन्होंने जहांगीर के दुश्मन दरबारी अबुल फजल की की हत्या की थी। वीर सिंह ने मुगलों की सत्ता के इस खेल में अच्छे से बाजी लगायी थी। जहांगीर ने उन्हें ओरछा का राज दे दिया, हालांकि उनके भाई अभी जीवित थे।

### क्या है श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि को लेकर विवाद दशकों पुराना है। मथुरा का यह विवाद कुल 13.37 एकड़ जमीन पर मालिकाना हक से जुड़ा है। 12 अक्टूबर 1968 को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट के साथ समझौता किया था। इस समझौते में 13.7 एकड़ जमीन पर मंदिर और मस्जिद दोनों बनने की बात हुई थी। गौरतलब है कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास 10.9 एकड़ जमीन का मालिकाना हक है, जबकि ढाई एकड़ जमीन का मालिकाना हक शाही ईदगाह मस्जिद के पास है। हिंदू पक्ष शाही ईदगाह मस्जिद को अवैध तरीके से कब्जा करके बनाया गया ढांचा बताता है और इस जमीन पर भी दावा किया है। हिंदू पक्ष की ओर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने और यह जमीन भी श्रीकृष्ण जन्मस्थान को देने की मांग की गयी है।

### क्या अदालती फैसले का मतलब

इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले के बाद अब हिंदू पक्ष को यह उम्मीद होने लगी है कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने का समय नजदीक आ रहा है। अदालती फैसले के बाद अब पूरे इलाके का सर्वे होगा और उसके साथ ही हिंदुओं की आस्था के इस केंद्र पर जबरन कब्जा किये जाने का आरोप प्रमाणित हो जायेगा। तब मथुरा में भी भव्य मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हो सकेगा।

---

धीरज साहू मामले में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा

# आयकर विभाग ने अब तक कुछ स्पष्ट नहीं कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार को धीरज साहू प्रकरण को लेकर सदन के बाहर भाजपा के विरोध प्रदर्शन पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने अब तक मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा है, जबकि भाजपा धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग कर रही है।

मंत्री ने कहा कि इनकम टैक्स, इडी, सीबीआइ जैसी केंद्रीय एजेंसियां तो केंद्र की भाजपा सरकार के नियंत्रण में है। ऐसा लग रहा है कि अब तो भाजपा को इन एजेंसियों पर भी भरोसा नहीं है। इसका एक ही रास्ता है। भाजपा दिल्ली से लेकर रांची तक इन केंद्रीय एजेंसियों के डायरेक्टर और अधिकारियों के पद पर अपने नेताओं को नियुक्त कर दे।

### जल, जंगल, जमीन के मुद्दे पर बात नहीं: शिल्पी

कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने वन संरक्षण कानून का मामला को लेकर सत्र के पहले दिन एक अखबार की पेपर कटिंग लेकर सदन पहुंचीं। उन्होंने कहा कि कोई भी वन संरक्षण के मुद्दों पर बात नहीं कर रहा है। झारखंड में जल, जंगल, जमीन के मुद्दों पर बात नहीं हो रही है। उन्होंने इस मुद्दे को सदन के अंदर उठाने की बात है।

बताते चलें कि केंद्र सरकार वन संरक्षण कानून में बदलाव ला रही है। इसको लेकर वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 लाया गया है, जो लोकसभा और राज्यसभा से पारित हो गया है। वहीं सरकार चाहती है कि देश में समान नागरिक संहिता भी लागू हो। इस पर भी गहराई से विचार जारी है।



### स्पीकर ने सदन में स्थानीय नीति विधेयक पर राज्यपाल की टिप्पणी को पढ़ा

#### कार्यवाही 18 तक स्थगित



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 07 मिनट पर शुरू हुई। स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली के तहत इस सत्र के लिए सभापति, कार्य मंत्रणा समिति और विशेष आमंत्रित सदस्यों के नामों की घोषणा की। इसके बाद स्थानीय नीति विधेयक पर राज्यपाल की ओर से की गयी टिप्पणी को पढ़ा। उन्होंने पिछले सत्र से इस सत्र के बीच दिवंगत हुए समाजसेवी, राजनेता, खिलाड़ियों और आम लोगों को श्रृद्धांजलि दी। स्पीकर के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। स्पीकर ने शोक प्रकाश के बाद सदन की कार्यवाही 18 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## धीरज साहू कैश कांड को लेकर भाजपा का धरना

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित कंपनी के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी का मामला गूंजा। धीरज साहू के ठिकानों से रुपये बरामदगी को लेकर विपक्ष सदन के बाहर हंगामा किया।

भाजपा विधायक पत्थर चोरी, कोयला चोरी, बालू चोरी या ट्रांसफर-पोस्टिंग का भी मामला उठा रहे थे। इस दौरान भाजपा के विधायक लगातार सीबीआइ जांच की मांग कर रहे थे। हंगामे के दौरान अनंत ओझा, बिरंची नारायण, नीरा यादव, राज सिन्हा, जयप्रकाश भाई पटेल, समरी लाल और ढुल्लू महतो मौजूद रहे। आजसू विधायक लंबोदर महतो भी सदन के बाहर धरने पर बैठे। वह बेरमो को जिला बनाने की मांग कर रहे थे।

भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि पार्टी सदन के अंदर धीरज साहू से लेकर युवाओं के मुद्दे को उठायेगी।

## मंत्रियों-विधायकों के वाहनों की भी हुई जांच

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के मद्देनजर शुक्रवार को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। विधानसभा आने वाली सभी गाड़ियों की जांच की जा रही थी। साथ ही बिना पास के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। विधायक और मंत्रियों के वाहनों की भी चेकिंग हो रही थी।

सुरक्षा के मद्देनजर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करते दिखे। सभी ने विधानसभा में अंदर प्रवेश करने से पहले गाड़ियों की जांच को सुरक्षा की दृष्टि से सही बताया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव, एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक खुद सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना कर रहे थे।

बता दें कि संसद में हुई घटना के बाद झारखंड विधानसभा में भी सुरक्षा व्यवस्था पहले के मुकाबले बढ़ा दी गयी है। सुरक्षा को लेकर पांच आइपीएस, 12 डीएसपी और 1000 जवान की तैनाती की गयी है।

## जनता की उम्मीदों को पूरा करने का प्रयास हो: स्पीकर

रांची। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने राज्यपाल द्वारा विधानसभा सचिवालय को टिप्पणी के साथ लौटाये गये 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति संबंधित विधेयक की जानकारी सदन को दी। कहा कि हमें इस बात की प्रसन्नता है कि देश के पांच राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव संपन्न हो गये, जिसने भारतीय लोकतंत्र की मजबूती को विश्व पटल पर मजबूती से रखा है। सदन के माध्यम से इन राज्यों में बहुमत की सरकार को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। सदन के संचालन में पक्ष और प्रतिपक्ष का महत्व एक समान होता है। उम्मीद है कि सदन की व्यवस्था और संचालन में सभी का सहयोग प्राप्त होगा। कहा कि विगत चार वर्षों में विधानसभा ने आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण करने और जनता की उम्मीदों को पूर्ण करने का समन्वित प्रयास किया है। उसी प्रयास की कड़ी को जिम्मेदारी पूर्वक पूरी सजगता, संवेदनशीलता और निष्ठापूर्वक सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ाना है। इस मौके पर रवींद्रनाथ महतो ने एटीआर भी सदन के पटल पर रखा।

### सभापति की घोषणा

रांची। विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियम 10 (1) के अंतर्गत सभापति स्टीफन मरांडी, रामचंद्र चंद्रवंशी, सीता मुर्मू, रामचंद्र सिंह और निरल पूर्ति को बनाया गया। इसकी घोषणा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने की।

## शीतकालीन सत्र को लेकर निषेधाज्ञा लागू

रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा का एक सप्ताह तक चलने वाला शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हुआ। सत्र को लेकर निषेधाज्ञा लागू की गयी है। एसडीओ दीपक दुबे ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। निषेधाज्ञा शुक्रवार सुबह छह बजे से 21 दिसंबर की रात 11.30 बजे तक के लिए लागू रहेगी। विधानसभा परिसर के एक किलोमीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। साथ ही इस दौरान पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने वर्जित रहेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.5 °c | 08.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.22 बजे |



## सीएम ने स्पीकर को पुष्पगुच्छ भेंट किया




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र प्रारंभ होने से पहले शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री को राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा सैयद जावेद हैदर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# क्या इडी समन देनेवाली फैक्ट्री बन कर रह जायेगी: सरयू राय

## बार-बार समन देना इडी की कमजोरी को दर्शाता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का पहला दिन शोक प्रकाश के साथ सोमवार तक के लिए स्थगित हो गया। सदन से बाहर निकले विधायकों ने राज्य की राजनीति और समस्याओं पर जम कर एक-दूसरे पर आरोप लगाया। विधायक सरयू राय ने कहा कि बार-बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन देना प्रवर्तन निदेशालय की कमजोरी को दर्शाता है। सरयू राय ने कहा कि अब तो इडी को सोचना होगा कि क्या वह समन देनेवाली फैक्ट्री बन कर रह जायेगी।



सरयू राय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को अब अदालत में जाकर यह बताना चाहिए कि समन के बाद भी अगर मुख्यमंत्री नहीं जा रहे हैं, तब आगे वह क्या करे। उन्होंने इसे प्रवर्तन निदेशालय की सुस्ती करार देते हुए कहा कि हो सकता है कि इडी के पास मुख्यमंत्री से पूछे जाने के लिए गंभीर सवाल नहीं हों। सरयू राय ने कहा कि उन्होंने स्थितियों का आकलन करते हुए कहा था कि यह सरकार दिसंबर महीने को पूरा नहीं करेगी। अब यह इडी के ऊपर है कि वह कैसे आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस लड़ाई को बहादुरी से लड़ रहे हैं। हमें महाभारत काल की दो घटनाओं को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पात्र शिशुपाल का था, अब जब इडी सनन पर समन भेज रही है, तब अंतिम समन कब होगा, यह भी इडी को तय करना है। सरयू राय ने कहा कि दूसरा प्रकरण कर्ण का है, जो अपने पक्ष से लड़ते रहे की प्राइस होनी चाहिए क्योंकि वह बहादुरी से लड़ रहे हैं। बिना इसकी परवाह किये कि इसकी प्रतिक्रिया क्या होगी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -118-119-2023, दिनांक 14.12.2023**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी मूल्य** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) डीआरएम ईएनजीजी आरएनसी-118-2023**; लोहरदगा-टोरी में छोटे पुल सं. 173, 177 एवं 187 तथा मुरी-रांची अनुभाग में फ्लैट टॉप छोटे पुलों (47 अदद) की बैरल लंबाई का विस्तार साथ में आनुषंगिक कार्य; रु. 8,63,37,692.52; रु. 5,81,700; **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-119-2023**; रांची मंडल-2275 अदद 60 किग्रा 90 यूटीएस, 1000 अदद 52 किग्रा 90 यूटीएस तथा 116 अदद 60 किग्रा/60ईआई-आर260 ग्रेड रेल वेल्डिंग पोर्सन इन सीटू के साथ सिंगल शॉट क्रूसिबल लगे हुए ऑटो टेपिंग थिम्बल की आपूर्ति साथ में पर्यवेक्षण (कुल: 3891 ज्वाइंट); रु. 82,57,356/-; रु. 1,65,200; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 05.01.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003. **(PR-927)**

## खूंटी में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' आयोजित

# मेरी सरकार में अधिकारी आपके दरवाजे पर रहेंगे : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने 437.48 करोड़ की 76 योजनाओं का शिलान्यास और 406.20 करोड़ रुपये की 27 योजनाओं का उद्घाटन किया
- -11,841 लाभुक के बीच 88.64 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति बांटी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में वर्ष 2021 से 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ खूंटी के इस पावन भूमि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थल उलिहातु से हुआ था। अब 2023 में तीसरे चरण के तहत राज्य के सभी पंचायत और गांव में इसका आयोजन उत्सव के रूप में किया जा रहा है। सरकार जो आपके लिए कार्य योजना बनायी है, उसकी गठरी बांधकर गांव-गांव, पंचायत-पंचायत में शिविर लगाकर आप तक पहुंचा जा रहा है। जब तक मेरे नेतृत्व में सरकार चल रही है सरकार के पदाधिकारी और कर्मी आपके द्वार पर आपकी समस्याओं के समाधान हेतु दरवाजा खटखटाने के लिए खड़े रहेंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 से पूर्व बुजुर्गों, दिव्यांगों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं सभी की अपनी-अपनी समस्याएं थी। इससे प्रतीत हुआ कि पूर्व में प्रखंड में कार्यरत पदाधिकारी और कर्मी एवं जिला मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों ने कभी गांव-पंचायत का रुख नहीं किया और न ही पूर्व में इन समस्याओं को दूर करने के प्रति संवेदनशीलता दिखायी गयी।

मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा शुरू की गयी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, साइकिल वितरण योजना, अबुआ आवास योजना आदि से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बेटियों की शिक्षा, उच्च शिक्षा, रोजगार, छात्रवृत्ति, विदेशों में शिक्षा, खेल को बढ़ावा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मान सम्मान आदि के क्षेत्र में सरकार द्वारा अबी तक किये गये कार्यों के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। हेमंत सोरेन ने कहा कि अब ऐसा कोई घर नहीं जहां सरकार की योजना का लाभ नहीं मिला हो। अब स्थिति बदल गयी है। हाथों-हाथ आय प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र आदि काम हो रहे हैं। अगर इन कार्य में कोई भी बिचौलिया सामने आता है, तो इसकी जानकारी दें। उस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि हमें गांव को मजबूत करना है, तभी झारखंड विकसित राज्य बन सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की बदौलत हमने लंबी लड़ाइयां जीती हैं। कोरोना संक्रमण काल में गांव की महिलाओं ने सरकार को बड़ी मजबूती के साथ सहयोग दिया है। इस महामारी में उन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर निःशुल्क भोजन कराया था। मुझे इस बात का दुःख होता है कि कई महिलाएं हाट-बाजार में हड़िया-दारू बेचने का कार्य करती हैं, इससे हमारा समाज पीछे जायेगा और कुछ लोगों ने इसे सुनियोजित व्यापार का माध्यम बना लिया है। मैं उन महिलाओं से कहना चाहूंगा कि राज्य सरकार आपके लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना लेकर आयी है। अब आप अपने माथे पर जो हड़िया-दारू नही बल्कि सरकार की योजना लेकर चलिए फिर देखियेगा आप और समाज कितने मान-सम्मान के साथ आगे बढ़ेगा। इस अवसर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता के अलावा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना

# जमशेदपुर अव्वल रांची दूसरे नंबर पर

- 72,605 फुटपाथ दुकानदारों को मिले 104 करोड़
- सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री का जवाब



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत झारखंड में 72,605 फुटपाथ विक्रेताओं को 104 करोड़ का लोन उपलब्ध कराया गया है। यह जानकारी केंद्रीय अवसान और शहरी कार्य राज्यमंत्री कौशल किशोर ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ को दी। सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में पीएम स्वनिधि योजना की विशेषताओं, झारखंड में इसके लाभुकों से संबंधित जानकारी मांगी थी। साथ ही सांसद ने शहरी निकायों द्वारा कई स्थानों पर फुटपाथ विक्रेताओं को पहचान पत्र या प्रमाण पत्र जारी करने से मना करने से संबंधित विषय की तरफ भी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने सदन में बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत एक वर्ष की अवधि के लिए 10,000 फिर क्रमशः दूसरे और तीसरे चरण में 20,000 और 50,000 तक का ऋण प्रदान किया जाता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि डिजिटल लेन-देन को पुरस्कृत करने के उद्देश्य से 1200 तक का कैशबैक प्राइज भी दिया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ऋण की राशि विभिन्न ऋणदाता संस्थाओं के द्वारा सीधे लाभार्थियों के खातों में वितरित की जाती है। योजना के तहत राज्यों को किसी प्रकार की निधि जारी नहीं की जाती है। वहीं केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभुक उत्तरप्रदेश में हैं, जहां 12.40 लाख फुटपाथ विक्रेताओं को यह ऋण प्रदान किया गया है। वहीं दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश है, जहां 7.32 लाख विक्रेताओं को इस योजना का लाभ मिला है। झारखंड में 72,605 फुटपाथ विक्रेताओं को यह ऋण उपलब्ध कराया गया है। देशभर में इसके लाभुकों की संख्या 56.80 लाख है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड में अब तक 24 जिले में 104 करोड की राशि ऐसे फुटपाथ विक्रेताओं के बीच वितरित की गयी है, जिसमें सबसे अधिक पूर्वी सिंहभूम में 17.5 करोड़, उसके बाद रांची में 16.4 करोड़, धनबाद में 15.3 करोड़ की राशि फुटपाथ विक्रेताओं को उपलब्ध करायी गयी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि फुटपाथ विक्रेताओं को आइडी कार्ड या प्रमाण पत्र जारी करना राज्य सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत किया जाने वाला कार्य है। उक्त अधिनियम के तहत सरकार पत्र विक्रेताओं की शिकायत में विवादों का निवारण करने के उद्देश्य से निवारण समिति गठित करने का अधिकार भी देती है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग से नये पद-अधिकार प्राप्त होगा, मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** बनते कार्य में रूकावटे खड़ी होगी, जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा, कामकाज अच्छा चलेगा, आमदनी बढ़ेगा।

**कर्क** परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी, मानसिक चिंता रहेगी, भाई-बहनों अथवा मित्रों वर्ग से कष्ट होगा।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे, किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा। किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जाएगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।

**धनु** रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों एवं उच्चस्तरीय लोगों से आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** आवश्यक कामोंमें आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।

**मीन** आपने जिस पर भरोसा किया ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

# झारखंड आंदोलन में आदिवासी समाज का बड़ा योगदान है : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा सरकार ने आदिवासी समाज का बढ़ाया मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को चंदवा में रामदेव गोंझू की पुण्यतिथि पर खरवार भोक्ता संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्री मरांडी ने कहा कि भारत के इतिहास में जनजाति समाज का संघर्ष और बलिदान का गौरवशाली इतिहास है। 1857 की लड़ाई के पहले ही भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू जैसे वीर महापुरुषों ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया, बलिदान दिये। गोली-बंदूक और तोपों के आगे तीर-धनुष से दुश्मनों के दांत खट्टे कर दिये। कहा कि अलग झारखंड राज्य की लड़ाई भी लंबे काल तक चली, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी के पूर्व किसी ने राज्य गठन का सपना पूरा नहीं किया। जनजाति समाज के इस त्याग और बलिदान को आजाद भारत के सत्ताधारियों ने 60वर्षों तक सम्मान नहीं दिया।

कहा कि भाजपा की सरकार ने जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया है। अटल जी की सरकार ने अलग झारखंड का सपना साकार किया। आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाये। संथाली जनजाति भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया।

**जनजाति समाज के उत्थान के लिए केंद्र समर्पित: मरांडी**

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। मोदी मंत्रिमंडल में पहली बार आठ मंत्री जनजाति समाज से हैं। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अलग राज्य का गठन किया। मोदी सरकार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस बना कर पूरे समाज का सम्मान, स्वाभिमान को बढ़ाया। कहा कि भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद को जनजाति समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू सुशोभित कर रही हैं।

उन्होंने स्व रामदेव गंजू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जो समाज के लिए जीता है, अपना सर्वस्व न्यौछावर करता है उसे आने वाली पीढ़ियां युगों-युगों तक याद करती हैं। कहा कि सफलता के लिए परिश्रम और संघर्ष के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं। समाज को अपनी प्रगति और सम्मान की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करना चाहिए।

## राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाला

# मधु कोड़ा के खिलाफ आरोप गठन से संबंधित दस्तावेज के लिए मांगा समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किये जाने को चुनौती देनेवाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने प्रार्थी को आरोप गठन से संबंधित निचली अदालत से प्राप्त दस्तावेजों की सर्टिफाइड कॉपी में हुई त्रुटि को निचली अदालत से वेरीफाइ करने और इसे चार सप्ताह में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को भी निर्देश दिया कि वह आरोप गठन के दस्तावेज में त्रुटि के संबंध में मामले की जांच कर लें।

**खोया-पाया**

मैं, राजेश चन्द हेम्ब्रम पिता– रामेश्वर हेम्ब्रम, उम्र लगभग– 24 वर्ष, निवास ग्राम: कथारा कॉलोनी नं0 04, क्वार्टर सं. एम. क्यू. – 510, पोस्ट: कथारा, थाना– गोमियां, जिला– बोकारो, झारखण्ड, आधार सं. 2819 4888 1705 शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि:–

1. यह कि, मेरी राष्ट्रीयता भारतीय है।
2. यह कि, दिनांक 04.11.2023 ई. को मैं अपने वर्तमान निवास स्थान कॉलोनी नं. 04 से कॉलोनी नं. 02 अपना मैट्रीक का मूल प्रमाण पत्र जो C.B.S.E. द्वारा वर्ष 2015 में निर्गत की गई है जिसमें मेरा रोल नं0 7223814 है जिसकी छायाप्रति करवाने गया था, उसी क्रम में मेरा उपरोक्त मैट्रीक का मूल प्रमाण रास्ते में कहीं गिर कर खो गया, जिसको मैंने अपने स्तर से काफी खोजबीन की परन्तु अब तक नहीं मिला।
3. यह कि, मैं यह शपथ पत्र अपने उपरोक्त मैट्रीक का मूल प्रमाण पत्र खो जाने के कारण विभाग द्वारा द्वितीय प्रति प्राप्त करने एवं सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु बना रहा हूं।

सत्यापन

मैं, राजेश चन्द हेम्ब्रम यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सभी तथ्य मेरे कहने पर लिखी गयी है जिसे मैं सही लिखा पाकर अपना हस्ताक्षर आज दिनांक 06.11. 2023 स्थान – बेरमो मु. तेनुघाट में बनायी।

कमांक सं.: 414 दिनांक: 06.11.2023

## परीक्षा तिथि आगे बढ़ाये जाने पर अभ्यर्थियों का फूटा गुस्सा

# जेएसएससी कार्यालय के समक्ष विरोध-प्रदर्शन

- एक अभ्यर्थी ने किया आत्महत्या का प्रयास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सीजीएल की परीक्षा तिथि 16 दिसंबर से आगे बढ़ाये जाने के खिलाफ शुक्रवार को राज्यभर से आये दर्जनों अभ्यर्थियों ने नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद अभ्यर्थियों ने हंगामा किया। कार्यालय का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों में से एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डाल कर खुदकुशी करने का भी प्रयास किया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने छात्र को हिरासत में ले लिया। मौके पर प्रदर्शन कर रहे छात्र उत्पाद सिपाही परीक्षा का आयोजन जनवरी महीने, लैब असिस्टेंट परीक्षा में रोल नंबर वाइज एक ही परीक्षा केंद्र चयनित हो, जेएसएससी की परीक्षाओं में स्थानीय भाषाओं को प्राथमिकता देने समेत कई अन्य मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। सरकार और जेएसएससी के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे थे।

**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
**Ranchi, Jharkhand**

**TENDER NOTICE**

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand hereby invites Tenders for Rate Contract for Supply of Stationery Items at DSPMU, Ranchi as cited below:

| Tender No. | Tender Title | Date |
|---|---|---|
| DSPMU/G/873/23 | Annual Rate Contract for Supply of Stationery Items at DSPMU, Ranchi. | Date & Time of Publication: **16.12.2023 04:00 PM** Last Date & Time of Submission: **08.01.2024 01:30 PM** |

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section-Officer (General) or from the University Website:- www.dspmuranchi.ac.in

Sd/-
**Registrar**
**DSPMU, Ranchi**

**Memo No. : DSPMU/G/875/23 Date : 15.12.2023**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# स्थानीय नीति को लटकाना चाहती है सरकार: अमर बाउरी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने स्थानीय नीति सहित अन्य मुद्दे पर सरकार को घेरा। कहा कि इस मसले पर सरकार की मंशा साफ नहीं है। नियोजन नीति और स्थानीयता राज्य सरकार का विषय है। इसे जान-बूझकर केंद्र सरकार के पाले में डाल कर सरकार लटकाना चाहती है। राज्य की सरकार को अपनी जिम्मेदारी से भागने वाला बताते हुए कहा कि राज्य में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की 100 प्रतिशत नौकरी स्थानीय लोगों को मिले, यह भाजपा चाहती है। घुसपैठियों को यहां की स्थानीयता देकर राज्यवासियों की हकमारी रोकने की कोशिश करनी चाहिए। कहा कि लोहरदगा में बांग्लादेशी घुसपैठियों को स्थानीय बनाने की कोशिश हो रही है। कहा कि जेएसएससी की परीक्षा 17 दिसंबर को निर्धारित थी, लेकिन उसे पांच दिन पहले यह कर स्थगित कर दिया गया कि जिस एजेंसी को परीक्षा लेने की जवाबदेही दी गयी थी। उसने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा लेने में असमर्थता जतायी है। इस मुद्दे को उठाया गया, तो आनन-फानन में 21 जनवरी और 28 जनवरी को परीक्षा कराने की बात कही गयी। यह तिथि जेपीएससी की परीक्षा की तिथि से लड़ रही है। ऐसे छात्र जो दोनों परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, उनका क्या होगा। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने परीक्षा स्थगित करनेवाली एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की।

## आक्रोश : टायर कारोबारी की हत्या से लोगों में उबाल

# डीलर एसोसिएशन ने अपर बाजार में बंद रखी दुकानें

**जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये : पंकज जैन**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के टायर कारोबारी में बेहद आक्रोश है। गुरुवार रात को कारोबारी की मौत के बाद शुक्रवार को रांची के अपर बाजार स्थित सभी टायर की दुकानों को कारोबारियों ने खुद ही बंद कर दी। रांची टायर डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की हत्या के विरोध में राजधानी की सभी टायर दुकानों को बंद कर दिया गया। बता दें कि टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार दी गयी थी। इलाज के दौरान गुरुवार देर शाम उनकी मौत हो गयी। गोपाल की मौत से आक्रोशित टायर डीलर एसोसिएशन के संगठन के अंतर्गत आने वाली सभी दुकानों को स्वतः बंद रहीं। रांची टायर डीलर एसोसिएशन के सचिव पंकज जैन ने बताया कि गोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गयी, उसके विरोध में सारी दुकानें बंद रखी गयी हैं। इसके साथ ही प्रशासन से यह मांग की गयी है कि जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये। रांची के कोतवाली थाना के ठीक सामने वंश इंटरप्राइजेज नाम की गोपाल श्रीवास्तव की दुकान है। गोपाल के हत्यारों का अब तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पायी है। यही वजह है कि कारोबारी इस मामले को लेकर बेहद आक्रोशित हैं। पुलिस गोपाल श्रीवास्तव को गोली मारकर हत्या करने के मामले में जांच में जुटी हुई है, लेकिन अब तक पुलिस को इस मामले में कोई सफलता हाथ नहीं लग पायी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पुरानी दुश्मनी के कारण ही हत्या की घटना को अंजाम देने की बात सामने आयी है। पुलिस को जांच में यह पता चला है कि गोपाल का एक युवक के साथ कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। पुलिस को आशंका है कि उसी युवक ने गोपाल पर गोली चलायी है। मामले में सुखदेवनगर थाना में गोपाल की पत्नी के बयान पर अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

# मुमताज अंसारी को सुन्नी वक्फ बोर्ड सीइओ का प्रभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जनजाति कल्याण-कार्यक्रम आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय रांची के उपनिदेशक मोहम्मद मुमताज अंसारी को अपने कार्यों के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सुन्नी वक्फ बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सरकार ने इसके अलावा जिला अर्जन पदाधिकारी गढ़वा एजाज अनवर की सेवा भू राजस्व विभाग से वापस लेते हुए उन्हें संयुक्त सचिव कृषि विभाग के साथ अतिरिक्त प्रभार में निदेशक प्रशासन बीएयू बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है। ग्रामीण विकास संस्थान के प्रोटोकॉल पदाधिकारी रोहित सिंह की सेवा ग्रामीण विकास विभाग से वापस लेते हुए उन्हें ओएसडी राज्यपाल सचिवालय के पद पर प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं, जीतेंद्र कुमार पांडेय को प्रोटोकॉल पदाधिकारी राजभवन बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

# आइएएस वंदना दादेल आज से छुट्टी पर, अजय सिंह को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल 16 से 28 दिसंबर तक अवकाश पर रहेंगी। उनके अवकाश पर रहने की स्थिति में ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंधित विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# हाइकोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस मुख्यालय गंभीर

**डीजीपी ने सिख विरोधी दंगे के दौरान दर्ज मामलों की समीक्षा की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में 1984 सिख विरोधी दंगा को लेकर झारखंड के विभिन्न जिलों में दर्ज मामले की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डीजीपी ने समीक्षा की। इसमें रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, सरायकेला-खरसावां, गढ़वा, पलामू, गिरिडीह, कोडरमा और धनबाद रेल एसपी सहित अन्य ने भाग लिया।

झारखंड हाइकोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस मुख्यालय गंभीर है। समीक्षा के दौरान सिख दंगों से जुड़ी करीब 350 दर्ज प्राथमिकी की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गयी। डीजीपी ने मामले में चल रहे अनुसंधान और ट्रायल की भी जानकारी ली। वर्ष 1984 के सिख दंगे में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने और सिख दंगा से संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर सतनाम सिंह गंभीर की ओर से झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। 1984 के सिख दंगा के मामले में मुआवजा और लंबित आपराधिक मामलों से संबंधित मामले को लेकर बीते मंगलवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस बात को लेकर नाराजगी जतायी थी कि इस संबंध में गठित आयोग की रिपोर्ट के बाद भी दंगा प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है। साथ ही उस समय दर्ज आपराधिक मामलों की स्थिति की जानकारी सरकार की ओर से नहीं दी जा रही है। इस पर अदालत ने गृह सचिव और डीजीपी को कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होनी है।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला के पांच दिन शेष

# मेला में 40 प्रतिशत तक की छूट



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय व्यापर मेला का 17वां दिन बड़े ही हर्षोल्लास के बीच में बीता। आयोजन समिति ने बताया कि यह मेला 20 दिसंबर तक रहेगा। शाम ढलते ही रांची शहर और उसके आस-पास के क्षेत्रों (जैसे कडरू, अशोक नगर, हरमू, रेलवे स्टेशन, सहजानंद चौक, अरगोड़ा किशोरगंज, डोरंडा, हिनू, बिरसा चौक, डिबडीह पुल, मेकॉन कॉलोनी, फिरायालाल चौक, अपर चुटिया, लोअर चुटिया, सुजाता टॉकिज, हिंदपीढ़ी इत्यादि) की भीड़ भारी मात्रा में मेला परिसर में दिखायी पड़ी। जहां पर एक ओर पुरुष और युवा वर्ग विभिन्न प्रदेशों से आये हुए खादी की वस्तुओं की खरीदारी में दिलचस्पी दिखला रहे थे। वहीं पर दूसरी ओर महिलाएं विभिन्न प्रदेशों से हाथ की बनी हुई ज्वेलरी और साड़ी की भारी मात्रा में खरीदारी कर रही थीं। वहीं पर दूसरी ओर मेला परिसर में बच्चे विभिन्न प्रकार के झूलों जैसे टॉवर झूला, ड्रैगन टेज्न, टोरा-टोरा, ब्रेक डांस, कोलंबस, मिक्की माउस, मोटरबोट, स्कॉर्पियो इत्यादि झूलों में झूलते हुए दिखायी पड़ रहे थे। मेला परिसर में आगंतुक विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त लेते हुए दिखाई पड़ रहे थे। आयोजन समिति की अध्यक्ष मीना टोप्पो, अजीत कुमार, संजीव तिवारी, कृष्णा कुमार साव, फूलमनी टोप्पो ने बताया कि मेला का अंतिम पांच दिन शेष रहने के कारण सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुए शिल्पकार के द्वारा भारी मात्रा में प्रत्येक स्टॉल में छूट दी जा रही है। यह छूट 20 प्रतिशत से लेकर 40 प्रतिशत तक है।

# सहायक टाउन प्लानर नियुक्ति: सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी खारिज

## हाइकोर्ट के आदेश को बदलने से किया इनकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में हाइकोर्ट के द्वारा स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य की अपील में दिये गये आदेश के खिलाफ चंदन भगत और अन्य की एसएलपी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। इससे पहले भी 4 दिसंबर को इसी मामले में हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल देवास्मिता बासु की एसएलपी भी खारिज कर दी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति हिमा कोहली की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जेपीएससी के साक्षात्कार में बुलाये गये 186 अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द करने के हाइकोर्ट के आदेश को सही करार दिया और इसे बदलने से इनकार कर दिया है। प्रतिवादी स्वप्निल मयूरेश और विवेक हर्षल की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता सिद्धार्थ रंजन और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अबास परिमल ने पैरवी की। दरअसल, हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ स्वप्निल मयूरेश और अन्य की अपील को स्वीकृत करते हुए साक्षात्कार में बुलाये गये 186 अभ्यर्थी, जिनके फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त तक थी, लेकिन इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर इंडिया का सर्टिफिकेट नहीं था, जिस कारण उनकी उम्मीदवारी को रद्द करने का आदेश दिया था।

### क्या है मामला

अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने झारखंड में सहायक टाउन प्लानर के 77 पद के लिए विज्ञापन निकाला था। मार्च 2021 को सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया और सफल हुए 43 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा राज्य सरकार को भेज दी थी। इनमें से 26 ऐसे अभ्यर्थी थे, जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर इंडिया का सर्टिफिकेट नहीं था।

जेपीएससी ने 318 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था, जिनमें से 186 अभ्यर्थियों के पास इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर इंडिया का सर्टिफिकेट फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक नहीं थी। इस मामले में एकल पीठ ने टाउन प्लानर की नियुक्ति प्रक्रिया को सही मानते हुए प्रार्थी की याचिका को खारिज कर दिया था।

## कार्यक्रम : मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

# बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर किया मंत्रमुग्ध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव टाना भगत ऑडिटोरियम में शुक्रवार को मनाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा शामिल हुईं। इसमें पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद समेऔल अहमद भी शामिल हुए। इन दौरान नन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया। बता दें कि मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल की तीनों शाखाओं लाइन टैंक रोड, अशोक नगर और रामगढ़ के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।






इस दौरान छात्रा हाजिक खान ने पापा पर बहुत ही सुंदर कविता सुनायी। शिखर अथर्व ने चंद्रयान बनकर सारे वैज्ञानिकों को बधाई दी। छोटी-छोटी बच्चियों ने नृत्य कर के नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। बच्चों द्वारा गीत वी शैल ओवरकम भी गाया गया। इसे सभी अभिभावकों ने बहुत सराहा। बच्चों ने पापा मेरे पापा, महबूबा, जादू, मेरा वाला डांस, आरंभ है प्रचंड, वो कृष्णा है, राम जी की निकली सवारी, फ्लूट डांस और डांडिया के ताल पर नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने नाटक भी प्रस्तुत किया। कुछ बच्चों ने राधा- रानी, गोपियां और कृष्ण बन कर नृत्य प्रस्तुत किया और वृंदावन को दर्शाने की कोशिश की।

स्कूल की निर्देशक विभा सिंह ने बताया कि हम अपने बच्चों को इस तरह से तैयार करते हैं कि शहर के सभी टॉप स्कूलों में उनका नामांकन उनकी मेरिट पर होता है। ना सिर्फ हम प्रवेश परीक्षा की तैयारी करते हैं बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि वे वहां जा भी रहें वहां के टॉपर रहें। मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल ना सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना भी अपना मुख्य उद्देश्य समझता है। बच्चों एवं शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे आगे भी बच्चों में छुपे हुनर को तराशने की पूरी कोशिश करेंगी। अभिभावकों ने न केवल कार्यक्रम की तारीफ की बल्कि बच्चों में स्कूल द्वारा सिखाये गये अनुशासन की भी तारीफ की।

## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड के छह पर्यटक स्थल का होगा कायाकल्प

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने पूर्वी सिंहभूम और दुमका के तीन-तीन पर्यटक स्थलों को राज्य के पर्यटन स्थल सी श्रेणी में शामिल कर लिया है। इस संबंध में पर्यटन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। पूर्वी सिंहभूम जिले अंतर्गत जयोतिपहाड़ी, बहरागोड़ा, चाकुलिया स्थित तुलसीवनी शिवराम आश्रम, पोटका स्थित मुक्तेश्वर धाम को सी ग्रेड दिया गया है। वहीं, दुमका जिले के पुसारो नदी रिवर फ्रंट, रानेश्वर के काटा पोखर और भालसुमर दुर्गा मंदिर को राज्य सरकार ने पर्यटक स्थल के रूप में घोषित किया है। इस पर विभागीय मंत्री की भी सहमति ली गयी है। अब चयनित पर्यटक स्थलों को श्रेणी के अनुसार विकसित किया जायेगा।

### डीएसपीएमयू में व्याख्यान सह परिचर्चा



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व से संबंधित परिचर्चा सह विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगभग 250 विद्यार्थियों की उपस्थिति में 20 प्रतिभागियों ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन पर विस्तार से विचार प्रकट किये। परिचर्चा में प्रतिभागियों ने देश के प्रथम राष्ट्रपति के जीवन से जुड़े विविध पहलुओं पर विचार व्यक्त किये। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विद्यार्थियों को डॉ राजेंद्र प्रसाद के गुणों को आत्मसात करने की आवश्यकता है, जो है सादगी और विद्वता। विभागाध्यक्ष प्रो राजेश कुमार सिंह ने भी डॉ राजेंद्र प्रसाद पर विस्तार से विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। इसके अलावा विभागीय शिक्षिका हनी कुमारी, शुभ्रा लकड़ा और पुष्पा कुमारी ने भी विचार साझा किये। कार्यक्रम में प्रिया कौर, विकास चंद्रा, ऋतिक राज, अक्षिता वर्मा, प्रेरणा नाग, सज्जाद अंसारी, करिश्मा, झरना खलखो, सुजाता और प्रीति कुमारी आदि ने अपनी भागीदारी की। संचालन अक्षिता वर्मा ने किया।

### भारतीय खाद्य निगम से चावल की बिक्री शुरू



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय खाद्य निगम खुली बिक्री योजना के माध्यम से समय-समय पर पूर्व निर्धारित कीमतों पर उपलब्ध स्टॉक से गेहूं की बिक्री करता है ताकि बाजार में गेहूं की आपूर्ति में वृद्धि हो सके, विशेष रूप से लीन सीजन के दौरान ताकि कीमतों पर नियंत्रण रखा जा सके। तदनुसार, भारत सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से गेहूं एवं चावल की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए सेंट्रल पूल स्टॉक से इ-नीलामी के माध्यम से पूरे देश में गेहूं एवं चावल की तयशुदा मात्रा को खुले बाजार में 28 जून से अपने सूचीबद्ध (पंजीकृत) खरीददारों के लिए ओएमएसएस (डी) के तहत गेहूं की बिक्री प्रत्येक सप्ताह कर रहा है। इससे पूर्व प्रत्येक सप्ताह भारतीय खाद्य निगम 2 लाख एमटी गेहूं कि बिक्री हेतु देश भर में निगम के विभिन्न गोदामों से निविदा आमंत्रित कर रहा था, परंतु आनेवाले सप्ताह से इसे दो गुणा बढ़ाकर 4 लाख एमटी कर दिया गया है। वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम, झारखंड क्षेत्र द्वारा प्रत्येक सप्ताह 7000 एमटी गेहूं कि बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित किया जा रहा था, जिसे अब बाजार में गेहूं की बढ़ती मांग के मद्देनजर, तथा राज्य के लोकल मिलर/ आटा चक्की एसोसिएशन की मांग को देखते हुए, 7000 एमटी से बढ़ाकर 11,500 एमटी किया गया है। साथ ही जहां पूर्व में प्रति खरीददार द्वारा, प्रत्येक नीलामी में केवल 10 एमटी चावल से 1000 एमटी चावल तक ही खरीदी जा सकती थी। उसे भी अब बढ़ाकर 01 एमटी से 2000 एमटी तक कर दी गयी है। समस्त नीलामी की प्रक्रिया मानव हस्तक्षेप के बिना ऑनलाइन के माध्यम से किया जा रहा है। प्रत्येक शुक्रवार को निविदा आमंत्रित किया जा रहा है। भारत सरकार व निगम की इस पहल से बाजार में गेहूं एवं चावल की बढ़ती कीमतों पर काबू पाया गया है।

### वाऊ सिनेमा की पहली वर्षगांठ पर फिल्म ब्लडी इश्क का मुहूर्त कल

रांची (आजाद सिपाही)। ओटीटी प्लेटफार्म बाऊ सिनेमा की पहली वर्षगांठ 17 दिसंबर बिरसा चौक स्थित होटल रासो में धूमधाम से मनायी जायेगी। इस अवसर पर भोजपुरी एक्टर कुणाल सिंह, गायक सह एक्टर आलोक कुमार, अजीत आनंद, सिंगर प्रिया राजपूत, हीरा लाल यादव शामिल होंगे। हैदराबाद से कैमरा मैन भास्कर डोरनाला, शशि नाथ दुबे, बनारस के डीओपी संदीप गुप्ता भी मौजूद रहेंगे। इसके आलावा रांची से देवेश खान, आनंद जालान, सिराज अहमद, रीना सहाय, वर्षा ऋतु, रमन गुप्ता, रोहित आरके, इंद्रजीत सिंह, विजय प्रभाकर, पंकज पप्पन, पवन रॉय, मोनू राज, निगार सुल्ताना, वीणा श्री, कविता होरो, कैलाश जैक्शन, शिवानी जैक्शन, शामिल होंगे।

### शमशेर आलम से मिला प्रतिनिधिमंडल



रांची (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट का प्रतिनिधिमंडल राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम से मुलाकात की। मौके पर फ्रंट के संयोजक प्रवीण कच्छप, प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग, अजीत बाखला, अलेक्स लकड़ा, समीर हेंब्रोम आदि उपस्थित थे। उन्होंने आदिवासी सुरक्षा मंच द्वारा 24 दिसंबर को मोरहाबादी में आयोजित रैली को स्थगित कराने की मांग की। उनका कहना था कि आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद एक साजिश के तहत 24 दिसंबर को रैली कर रही है, जबकि उस समय क्रिश्चियनों का बड़ा त्योहार है।

### उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर के खिलाफ हाइकोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर लगायी रोक

रांची (आजाद सिपाही)। मनी लांड्रिंग मामले में आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर को झारखंड हाइकोर्ट से राहत मिली है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की अदालत ने राजीव झंवर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ पीड़क करवाई पर अगले आदेश तक रोक लगायी है। मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने पैरवी की। याचिका में कहा गया है कि उषा मार्टिन को घाटकुड़ी, पश्चिम सिंहभूम स्थित विजय टू में आयरन ओर के लिए कैपटिव माइनिंग का काम मिला था। आरोप है कि कंपनी ने कोयले का इस्तेमाल अपने लिये करने के बजाये उसे मार्केट में बेच दिया। मामले को लेकर इडी ने मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# लातेहार जिला में हर घर जल योजना बनी हाथी दांत

- कहीं मोटर गोल, तो कहीं खड़ा कर दिया गया केवल ढांचा
- केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना में करोड़ों का गड़बड़झाला, सुध लेनेवाला कोई नहीं

**रूपेश कुमार अग्रवाल**







**लातेहार।** जिले में जल जीवन मिशन पूरी तरह फेल हो चुका है। जिन इलाकों में जल जीवन मिशन का कार्य पूरा हो चुका है, वहां से भी लगातार शिकायतें आ रही हैं। ऐसे में सरकार की इस योजना का ग्रामीणों को कोई खास लाभ नहीं मिल रहा है, लेकिन चुनाव के वक्त वोट बटोरने के लिए इस योजना को ढाल बनाया जा सकता है। इस योजना की जमीनी हकीकत क्या है, पढ़िये इस खास रिपोर्ट में....

दरअसल, करोड़ों रुपये खर्च कर लातेहार के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत पानी पहुंचाने का कार्य चल रहा है। कई इलाकों में इसका कार्य पूर्ण भी हो चुका है। सरकार ने इस योजना की शुरुआत इस मकसद से की थी कि इसका भरपूर लाभ ग्रामीणों तक पहुंचेगा और ग्रामीण इलाकों में पानी की समस्या दूर होगी, लेकिन सरकार की इस सोच पर संवेदक पानी फेर रहे हैं। दरअसल जिन इलाकों में भी जल जीवन मिशन के तहत कार्य पूरा कर लिया गया है, वहां शुरुआती दौर से पाइपलाइन लीकेज, सही ढंग से टंकी तक पानी का नहीं चढ़ना, बोरिंग कम करना समेत कई अन्य तरह की शिकायतें आम हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि इसके निर्माण कार्य में घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। कई इलाकों के ग्रामीण इसकी शिकायत कर चुके हैं। यहां तक कि कई जिला परिषद सदस्यों ने भी घटिया निर्माण कार्य को लेकर सवाल उठाया है। बावजूद इसके विभाग के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साध तमाशबीन बने हुए हैं। स्थानीय विधायक भी इस समस्या पर सुधार कराने को लेकर कोई प्रयास करते हुए नजर नहीं आ रहे है। इससे ग्रामीणों में स्थानीय विधायक के खिलाफ नाराजगी साफ देखी जा सकती है।

चलिये, अब आपको बताते हैं कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ऐसे कई इलाके हैं, जहां के ग्रामीण आज भी नदी, पोखर का मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं। दरअसल तस्वीर में दिख रहे लोग जिला मुख्यालय से सटे आरागुंडी पंचायत के लोधवा गांव के ग्रामीण हैं, जो गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी तय कर नदी का मटमैला पानी सिर पर लेकर घर तक पहुंचते हैं, तब जाकर कहीं घर के सदस्यों की प्यास बुझती है। जानकार बताते हैं कि इस पानी को पीने से शरीर मे कई तरह की बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं, लेकिन यह सब जानते हुए भी ग्रामीण मजबूरी में नदी का मटमैला पानी पीने को लाचार हैं। वहीं दूसरी तरफ कागजों पर हर घर नल से जल पहुंचाने का वादा पूरा किया जा रहा है, जिसके आधार पर सरकारी नुमाइंदे भी बड़े मंचों पर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का दावा ठोक देते हैं। लेकिन इसकी जमीनी हकीकत आरागुड़ी पंचायत के लोधवा गांव के ग्रामीणों की लाचारी बयां कर रही है। जल जीवन मिशन का कार्य जिले के गारू, महुआडांड़, बरवाडीह, हेरहंज, मनिका समेत पूरे जिले में किया जा रहा है। यहां से लगातार गड़बड़ी को लेकर शिकायतें आती रहती हैं। बावजूद इसके विभाग मौन है। लापरवाही का आलम यह है कि हर गांव में बोरिंग और वहां टंकी लगाने को लेकर विवाद है। इससे साफ है कि विभाग ने सर्वे में भी भारी लापरवाही बरती है।

**शिकायत मिलने पर दूर करने का प्रयास होगा: अधीक्षण अभियंता :** इधर, इस पूरे मसले पर जब आजाद सिपाही की टीम ने विभाग के पलामू प्रमंडल के अधीक्षण अभियंता राज मोहन सिंह से पूछा, तो उन्होंने बताया कि अब तक तो योजना को लेकर किसी भी तरह की शिकायत नहीं आयी है। अगर कहीं किसी भी तरह की गड़बड़ी है, तो उसे दूर करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने किसी भी तरह की विभागीय लापरवाही से इनकार किया। लेकिन सवाल यह है कि अगर विभाग की तरफ से कोई खामियां नहीं हैं, तो फिर शिकायत आना और उसे दूर नहीं करना, किसकी जवाबदेही है। आखिर क्यों ग्रामीणों को नदी पोखर का दूषित पानी पीना पड़ रहा है। जल जीवन मिशन योजना जिस भी गांव में पूर्ण हो चुकी है, वहां से भी काफी शिकायतें आ रही हैं कि लीकेज हो रहा है, टंकी की क्षमता कम है, टंकी तक ढंग से पानी नहीं चढ़ पा रहा है। जब हालिया स्थिति यह है, तो आनेवाले समय में पानी की परेशानी विकराल रूप ले लेगी। ऐसे में सवाल है कि करोड़ों खर्च होने के बाद भी आखिर क्या लाभ होगा इस योजना से ग्रामीणों को? अगर इस योजना की निष्पक्ष रूप से जांच होती है, तो भारी गड़बड़ी और घोटाला खुल कर सामने आयेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एक युवक की हत्या करने पहुंचे दो अपराधियों को पुलिस ने दबोचा



**रांची (आजाद सिपाही)।** संजीत मिश्रा नाम के व्यक्ति की हत्या करने से पहले रांची पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी को मिली गुप्त सूचना पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्तौल और जिंदा गोली भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में ठाकुर धर्मेंद्र सिंह और रविंद्र सिंह शामिल हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इमली चौक के जनता फ्लैट के पास संजीत मिश्रा की हत्या की नियत से दो अपराधी हथियार के साथ पहुंचे हैं। फायरिंग की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ा और गिरफ्तार कर लिया।

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के 85 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द

**रांची (आजाद सिपाही)।** जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा के 85023 अभ्यर्थियों के आवेदन को रद्द कर दिया है। इसको लेकर आयोग ने 297 पन्नों का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इन अभ्यर्थियों के आवेदन को रद्द करने का कारण विभिन्न त्रुटियों को बताया गया है। बता दें कि इस परीक्षा के लिए लगभग साढ़े 6 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

### मानवाधिकार आयोग के गठन की मांग की

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य सूचना आयुक्त, महिला आयोग में अध्यक्ष और मानवाधिकार आयोग के गठन की मांग की है। सीएम को इ-मेल भेजकर इस संबंध में ध्यान आकृष्ट कराया है। कहा है कि विपक्ष के नेता का मनोनयन हुए दो माह से अधिक हो गया है, मगर अभी तक रिक्त पदों को नहीं भरा गया है। यह झारखंड की जनता का संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का हनन करने जैसा है। कहा कि आयोग का गठन नहीं होने से सूचना अधिकार कानून मृतप्राय है। महिलाओं तक को न्याय नहीं मिल पा रहा है। मानवाधिकार आयोग का गठन नहीं होने से मानव अधिकार के केसों में वृद्धि हो रही है। जल्द से जल्द आयोग का गठन किया जाये।

### मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 24 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 24 दिसंबर को मारवाड़ी भवन में होगा। मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने शुक्रवार को बताया कि चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन को बनाया गया है। पवन शर्मा और पवन कुमार पोद्दार को सह निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की वापसी 17 दिसंबर को चार बजे तक की जा सकेगी।

### मनरेगा घोटाले में कार्यपालक अभियंता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में निलंबित आइएएस पूजा सिंघल से जुड़े मनरेगा घोटाला मामले में आरोपित खूंटी के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने जय किशोर चौधरी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल के साथ जय किशोर चौधरी भी आरोपित हैं। इडी ने मामले में पूजा सिंघल, जय किशोर चौधरी समेत सात आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। मामले को लेकर इडी ने इसीआइआर दर्ज किया है।

### 75 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटारा

**रांची (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्ड में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 35 और वार्ड नंबर 36 में 75 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 190 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर की सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते हैं।

### सैकड़ों करोड़ बरामदगी पर कांग्रेस सांसद की प्रतिक्रिया

## सारा पैसा मेरी शराब फर्मों से संबंधित है : धीरज साहू

- इस पैसे का कांग्रेस या किसी अन्य राजनीतिक दल से कोई लेना-देना नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** आइटी छापे और उनसे जुड़े परिसरों से सैकड़ों करोड़ रुपये नकद की बरामदगी पर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू की पहली प्रतिक्रिया आयी है। उन्होंने कहा कि आज जो हो रहा है, वह मुझे दुखी करता है। मैं स्वीकार कर सकता हूं कि जो पैसा बरामद किया गया है, वह मेरी फर्म का है। जो नकदी बरामद की गयी है, वह मेरी शराब फर्मों से संबंधित है। यह शराब की बिक्री से हुई कार्रवाई है। इस पैसे का कांग्रेस या किसी अन्य राजनीतिक दल से कोई लेना-देना नहीं है। जैसा कि कहा जा रहा है, सारा पैसा मेरा नहीं है, यह मेरे परिवार और अन्य संबंधित फर्मों का है। आइटी ने अभी छापा मारा है, मैं हर चीज का हिसाब दूंगा।

## निशिकांत के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में 2021 में हुए मधुपुर उपचुनाव के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने और बयानबाजी करने को लेकर दर्ज चार प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने चुनाव के समय आचार संहिता से जुड़े दस्तावेज को प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने के लिए समय प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जनवरी निर्धारित की है। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इन सभी चार मामलों में निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने और बयानबाजी को लेकर देवघर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि घटना के छह माह के बाद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मधुपुर उप चुनाव के दौरान कि निशिकांत दुबे पर कुल चार प्राथमिकी मधुपुर सब डिवीजन के अलग-अलग थानों में की गयी थी।

## सीआइडी ने पतरातू से पांच लोगों को किया गिरफ्तार

- पांडेय गिरोह के नाम से बैंक अधिकारी को दे रहे थे धमकी
- फर्जी दस्तावेजों के साथ लोन करने का दबाव दिया जा रहा था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रामगढ़ जिले में सीआइडी रांची की टीम ने शुक्रवार को पतरातू थाना क्षेत्र के दो जगह पर छापा मारा। इसमें सीआइडी की टीम ने पतरातू थाना क्षेत्र के डीएवी स्कूल के सामने रोड नंबर 8 आवास संख्या बी-3 और पीटीपीएस न्यू मार्केट में छापेमारी अभियान चलाया। इससे पीटीपीएस क्षेत्र में लोगों के बीच घंटों हड़कंप मचा रहा। इसमें पीटीपीएस रोड नंबर 8 आवास संख्या बी 3 से रंजीत सिंह उर्फ कमल कुमार सिंह और न्यू मार्केट से मो जमीर के आवास पर लगभग 3 घंटे तक छापेमारी की। इस दौरान सीआइडी की टीम ने यहां से लैपटॉप, कंप्यूटर सेट के साथ कमल कुमार सिंह और कमल सिंह के यहां कार्यरत बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार और राहुल कुमार को अपने साथ लेकर रांची आ गयी। वहीं पीटीपीएस न्यू मार्केट से मो जमीर को भी सीआइडी टीम ने अपने साथ लेकर आयी है। पुलिस और सीआइडी की टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि बैंक से संबंधित मामले को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया है। सभी सीआइडी की हिरासत में लिये गये लोगों से सीआइडी मुख्यालय में पूछताछ जारी है। सीआइडी की महिला डीएसपी के नेतृत्व में कार्रवाई की गयी है।

**क्या है मामला :** एसबीआइ मेन ब्रांच शाखा रामगढ़ के फिल्ड ऑफिसर ने डीजी सीआइडी झारखंड को पत्र लिखकर बताया था कि रंजीत सिंह उर्फ कमल कुमार सिंह, पिता-रामरेखा सिंह, पतरातू रोड नंबर 8 निवासी और मो जमीर, न्यू मार्केट पतरातू निवासी के द्वारा पांडेय गिरोह के नाम से धमकी दिया जा रहा है तथा अवैध तरीके से फर्जी दस्तावेजों के साथ लोन करने का दबाव दिया जा रहा है। आवेदन ने बताया कि बीते 29 सितंबर 23 को मो. जमीर के द्वारा वाट्सएप कॉल से पांडेय गिरोह के लोगों से गोली मारवाने की धमकी दी गयी। बताया कि रणजीत और जमीर एसबीआइ के खाता धारको को फंसा कर कमीशन पर लोन का प्रोसेस करवाता है। इसके एवज में मोटी रकम वसूली कर लेता है। इस कार्य को करने का उनके ऊपर अलग-अलग तरीके से दबाव बनाकर परेशान कर रहा है। इसकी बात को नहीं मानने पर अपराधियों को भेज कर धमकी दिलवाता है तथा कुछ पुलिस पदाधिकारी से भी मिल कर मेरे विरुद्ध दूसरे व्यक्ति से आवेदन दिलवाकर मुझे डराता है। ताकि दबाव में आकर मैं इसका अवैध कार्य करने में सहयोग कर सकूं। रंजीत सिंह उर्फ कमल कुमार सिंह द्वारा अपने आवंटित पतरातू सरकारी आवास में अवैध ऑफिस खोले हुऐ हैं, जिसमें करीब पांच से ज्यादा स्टॉफ को इस कार्य में लगाये हुए हैं। ये दोनों व्यक्ति के संदर्भ में जांच हेतु रामगढ़, रांची बोकारो, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग के किसी भी एसबीआइ बैंक के मेनेजर से बात करने पर इसके गंदे चरित्र के संबंध में जाना जा सकता है। बताया कि सभी एसबीआइ बैंक में बैंक कर्मियों को डरा धमका कर अवैध लोन करवाना चाहता है यहां तक कि बैंक के काउंटर पर अपने आदमियों को भेज कर बैंक का पेपर वगैरह गायब करवा देता है। इन दोनों के द्वारा मुझे इतना परेशान किया जा रहा है कि मेरे पास आत्महत्या के सिवा कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। मेरे पूर्व पदास्थापन शाखा पर भी पहुंच कर ये दोनों के द्वारा मुझे परेशान किया गया था।

## मीशो ने 225000 बिना जीएसटीवाले विक्रेताओं को जोड़ा

- लाखों छोटे छोटे व्यवसायों के लिए नये अवसरों का किया विस्तार
- 20 से अधिक राज्यों से आए हैं मीशो के नए विक्रेता, पंजीकरणों में से 40% गैर-जीएसटी विक्रेता शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत के इकलौते टू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने अक्टूबर 2023 से लगभग 25,000 गैर-जीएसटी विक्रेताओं की अपने प्लेटफोर्म पर सफल ऑनबोर्डिंग की। इस साल की शुरुआत में मीशो ने महत्वपूर्ण तकनीकों को अपनाया था, जिससे गैर-जीएसटी विक्रेताओं के लिए 1 अक्टूबर से प्लेटफॉर्म पर बिक्री शुरू करने का मार्ग आसान एवं और भी प्रशस्त हुआ। इस रणनीतिक कदम को उठाने के पीछे जीएसटी परिषद द्वारा की गई वह घोषणा थी, जिसने ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को 40 लाख रुपये तक के कारोबार वाले गैर-जीएसटी विक्रेताओं को शामिल करने की अनुमति दी थी।

पिछले दो महीनों में गैर-जीएसटी विक्रेताओं में मीशो के 40% नये विक्रेता पंजीकरण हुए हैं, जो आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे 20 से अधिक राज्यों से आये हैं। इस समूह में रिटेलर्स और छोटे निमार्ता शामिल है, जो शुरुआत में अपनी वेबसाइटों के साथ-साथ इट्से, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से बिक्री कर रहे थे। ये नये शामिल हुए गैर-जीएसटी विक्रेता 1.3 लाख से अधिक प्रोडक्ट लिस्टिंग में अपना योगदान दे रहे हैं।

मीशो में सीएक्सओ बिजनेस मेघा अग्रवाल ने कहा कि हमारे प्लेटफोर्म पर लगभग 25,000 गैर-जीएसटी विक्रेताओं का स्वागत एक इंक्लूसिव डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों को और भी मजबूत करता है। प्रत्येक नये विक्रेता की एक अनूठी कहानी और सपने हैं, जो एक विविध और सशक्त ऑनलाइन बाजार के लिए हमारे दृष्टिकोण को यथार्थ करता है। 2027 तक 10 मिलियन विक्रेताओं को डिजिटल बनाने के हमारे लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध, मीशो इनोवेशन को बढ़ावा देने और ऑनलाइन बिक्री करने वाले छोटे व्यवसायों के लिए अनिवार्य जीएसटी पंजीकरण को खत्म करने के सरकार के ऐतिहासिक निर्णय को अपनाने में दृढ़ है। हमारा मानना है कि यह महत्वाकांक्षी उद्यमियों के लिए व्यापक अवसर खोल रहा है।

मदुरई की मीशो विक्रेता वनिता कृष्णमूर्ति ने कहा कि मदुरई में एक छोटे व्यवसाय के रूप में, मीशो ने हमारे सपनों को हकीकत करने में मदद की है। केवल एक महीने में, हम राज्य भर के ग्राहकों के साथ अपने अनूठे उत्पाद साझा करने में सक्षम हुए हैं। मीशो की आसान पंजीकरण प्रक्रिया और 0% कमीशन नीति के कारण, हमारा छोटा व्यवसाय बढ़ गया है।

गैर-जीएसटी विक्रेताओं के लिए मीशो के टेक्नोलॉजी अपग्रेड में एक सुव्यवस्थित पंजीकरण प्रक्रिया, आसान कैटलॉग अपलोड, जिओ-रिस्ट्रिक्टेड प्रोडक्ट डिस्कवरी और पारदर्शिता के लिए शानदार शिपिंग लेबल शामिल हैं। साथ ही, सप्लायर पैनल और यूट्यूब पर शैक्षिक सामग्री गैर-जीएसटी विक्रेताओं को ई-कॉमर्स को आगे बढ़ने और व्यापार वृद्धि को बढ़ावा देने में सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### खिलाड़ियों ने अल्बर्ट एक्का के गांव में पीएम को आने का दिया दिया न्योता

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के प्रसिद्ध खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री को अल्बर्ट एक्का के गांव जारी में आने का आमंत्रण दिया। परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति ने उक्त जानकारी शुक्रवार को चेंबर भवन में पत्रकारों को दी। चेंबर अध्यक्ष सह समिति के मुख्य संरक्षक किशोर मंत्री ने कहा कि मैं खुद गुमला जिले से संबंधित हूं और जारी क्षेत्र से मेरा लगाव रहा है। मैंने पहले भी छोटे मोटे आयोजन वहां किये हैं। अब इस समिति की इच्छानुसार अल्बर्ट एक्का के व्यक्तित्व को देश के जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। साथ ही जारी गांव जो आज विकास से काफी दूर है, आम सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली, खेल मैदान, विद्यालय और सबसे जरूरी अस्पताल जैसी सुविधाएं उस क्षेत्र में नहीं है। इससे काफी परेशानी का सामना वहां आज भी लोगों को करना पड रहा है। इस क्षेत्र में चेंबर ऑफ कॉमर्स भी अपना योगदान देने के लिए तैयार है। इस दौरान राष्ट्रमंडल खेल के गोल्ड मेडलिस्ट खिलाडी लवली चौबे ने कहा कि युवा के अंदर यदि देशभक्ति की भावना आयेगी, तो वे देश के लिए सदैव खड़े रहेंगे। अल्बर्ट एक्का ने भारतीय सीमा पर पाकिस्तान को मुंहतोड जवाब देते हुए अपने प्राणों की आहूती दी है। ऐसे त्याग की भावना भारतीय युवाओं में जागृत करना बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री अक्सर महत्वपूर्ण त्योहार सैनिकों के साथ बॉर्डर पर मनाते आये हैं, ऐसे में हमें पूर्ण विश्वास है कि इस वीर शहीद के जन्मदिन के अवसर पर आने से युवाओं के अंदर देशभक्ति का भाव बढ़ेगा। झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन के सचिव निशिकांत पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के आने से युवा खिलाडियों में ऊर्जा का संचार होगा।

### हर नागरिक बन रहा सशक्त: अर्जुन मुंडा

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को ङ्खारत मंडपम दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम पीएम जन-मन के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत कार्ययोजना को अंतिम रूप देने पर मंथन शिविर में हिस्सा लिया। कहा कि पीएम जन-मन योजना केवल योजना नहीं, एक संवेदना है। ङ्खावना है। ङ्खारत का लोकतंत्र सबको सामान अधिकार देता है, जिससे देश का हर नागरिक सशक्त बन रहा है।

### हेलमेट पहनने से जीवन की सुरक्षा: गौरव

रांची (आजाद सिपाही)। सेंट्रल एकेडमी स्कूल में सड़क सुरक्षा विभाग और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सेमिनार का शुक्रवार को आयोजन किया गया। इसमें सड़क सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि इंजीनियर गौरव कुमार ने कहा कि कहा कि हेलमेट पहने और अपनी जान बचायें। सड़क सुरक्षा जीवन के लिए बेहद जरूरी है। सड़कों पर हमेशा दुर्घटना होती रहती है। इसी के बचाव के लिए छात्र- छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियम से भी अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करना चाहिए। 18 साल की आयु के बाद ही वाहन चलाना चाहिए। हमें यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। कभी ट्रिपल राइडिंग नहीं करनी चाहिए। साथ ही हमेशा सीट बेल्ट पहन कर गाड़ी चलानी चाहिए। सुरक्षित ड्राइविंग की आदतों का ध्यान रखना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। छात्रों ने कहा कि रोड एक्सीडेंट होने पर वीडियो और रील न बनायें, केवल जान बजायें। रोड एक्सीडेंट के दौरान 108 नंबर पर तुरंत फोन करने को भी कहा गया।

### सरकार डेली मार्केट में आग से प्रभावित दुकानदारों को दें मुआवजा : झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ



रांची (आजाद सिपाही)। डेली मार्केट थाना अंतर्गत डेली मार्केट सब्जी मंडी में अचानक आग लगने से करीब एक सौ से अधिक दुकानदारों का दुकान आग में जलकर स्वाहा हो गया। इस आगजनी में करोड़ों का नुकसान होने की संभावना जतायी जा रही है। दुकानदार अपने मुआवजा को लेकर सरकार से गुहार लगा रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के जितेंद्र गुप्ता सहित कई लोग मुआइना कर चुके हैं। जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि डेली मार्केट में रांची के सबसे बड़ा सब्जी मंडी लगता है। यहां पर गरीब और कमजोर तबके के व्यापारी अच्छा खासा आमदनी कमाते हैं। इससे उनका जीवन यापन बेहतर तरीके से चलता है। इस सब्जी मंडी में आग लगने से लोग आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। सरकार से हम चाहेंगे कि अविलंब इन लोगों को मुआवजा दे और इन लोगों को वहीं दुकान बनाकर दिया जाय। झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में सरकार से निवेदन पूर्वक कहते हैं कि जल्द से जल्द इनको मुआवजा दिया जाए ताकि अपनी यह जीविका सही ढंग से चला सके। इस मौके पर हाजी फिरोज, राइन पंचायत के सदर डेली मार्केट दुकानदार के सचिव मोहम्मद शहजाद, इनामुल सहित डेली मार्केट दुकानदार मौजूद थे।

# युद्धविराम जरूरी है

गाजा में तत्काल युद्धविराम पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में बुधवार को लाये गये प्रस्ताव के पक्ष में वोट देकर भारत ने अहम कूटनीतिक संदेश जरूर दिया है, लेकिन संतुलन बनाये रखने की अपनी नीति नहीं छोड़ी है। इस युद्ध को लेकर अंतरराष्ट्रीय जनमत कैसा रूप ले रहा है इसका अंदाजा संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव पर हुई वोटिंग के आंकड़ों से हो जाता है। कुल 153 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया और 23 वोटिंग से अलग रहे। अमेरिका और इस्राइल सहित कुल 10 ही देश ऐसे रहे जिनका वोट प्रस्ताव के खिलाफ पड़ा। 7 अक्टूबर से शुरू हुई इस जंग में यह पहला मौका है, जब भारत ने युद्धविराम के किसी प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया है। उसके इस फैसले ने बहुतों को चौंकाया भी, लेकिन युद्ध में जान-माल का जैसा नुकसान हो रहा है और मानवाधिकारों की जैसी धज्जियां उड़ रही हैं, उनके मद्देनजर तत्काल युद्धविराम की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। हमास के हमलों में अब तक 1200 इस्राइली मारे जा चुके हैं और हजारों घायल हुए हैं। दूसरी ओर गाजा में 18000 फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। हालांकि सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के विपरीत संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव कानूनी तौर पर बाध्यकारी नहीं होते, इसलिए इस प्रस्ताव के पारित होने से जमीनी हकीकत में तत्काल किसी बदलाव की उम्मीद नहीं की जा सकती, लेकिन प्रस्ताव के पक्ष में एकजुट देशों की बढ़ती संख्या और भारत जैसे देशों का भी छूटता साथ एक ऐसी बात है, जिसे अधिक समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकेगा। खुद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी वोटिंग शुरू होने के ऐन पहले चेतावनी दी कि गाजा पर जिस तरह से अंधाधुंध बम बरसाये जा रहे हैं, उससे इस्राइल तेजी से अंतरराष्ट्रीय समर्थन खोता जा रहा है। इससे पहले भी अमेरिका कह चुका है कि इस्राइल को गाजा में मानवाधिकारों के उल्लंघन से बचने के लिए और प्रयास करने चाहिए। पहली नजर में ऐसा लग सकता है कि प्रस्ताव के पक्ष में वोट देकर भारत ने अपने रुख में बदलाव किया है, लेकिन बारीकी से देखें, तो प्रस्ताव का समर्थन करते हुए भी भारत ने संतुलन का ध्यान रखा है। इसका सबूत यह है कि इस्राइल ने भी संयुक्त राष्ट्र के इस प्रस्ताव पर तो नाखुशी जाहिर की, लेकिन भारत के रुख की यह कहते हुए सराहना की है कि उसने इस पर प्रस्तावित दोनों संशोधनों का समर्थन किया, भले ही दोनों संशोधन नामंजूर हो गये।

**पहली नजर में ऐसा लग सकता है कि प्रस्ताव के पक्ष में वोट देकर भारत ने अपने रुख में बदलाव किया है, लेकिन बारीकी से देखें, तो प्रस्ताव का समर्थन करते हुए भी भारत ने संतुलन का ध्यान रखा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जिस तरह 3 राज्यों में मोदी सरकार ने नये चेहरों को राज्य के मुखिया के रूप में पदासीन किया है, उससे पूरे भाजपा कैडर में 2 तरह के संदेश गये हैं। पहला यह कि भले ही आप पहली बार ही चुनाव जीते हों आप राज्य के मुख्यमंत्री भी बन सकते हैं। दूसरा यह कि भले ही आपकी लोकप्रियता बहुत अधिक हो, होगा वही जो पार्टी की आला कमान तय करेगी, आप तो पार्टी के कार्यकर्ता ही रहेंगे।**

# मोदी राज में अटकलों की कोई जगह नहीं

रजनीश कपूर



**मोदी सरकार में किसी भी पद पर नियुक्ति की भविष्यवाणी का नहीं किया जाना एक सीधा संदेश है कि प्रधानमंत्री मोदी की हर कार्यकर्ता पर नजर है और उसे उसकी मेहनत के अनुसार ही उचित इनाम या दंड दिया जायेगा। यदि कोई भी कार्यकर्ता अपनी क्षमता से अधिक महत्वाकांक्षी होगा, तो उसे उसके परिणाम के लिए तैयार रहना चाहिए।**

5 राज्यों के चुनाव संपन्न होते ही भाजपा द्वारा जीते गये 3 राज्यों में 'कौन बनेगा मुख्यमंत्री' को लेकर काफी अटकलें लगने लगीं। सभी राजनीतिक पंडित, पत्रकार और विश्लेषक अनुमान लगाने लग गये कि 3 राज्यों में किसका चेहरा सामने आयेगा, परंतु इसके साथ ही सभी का यह मानना था कि मोदी राज में किसी भी तरह की अटकलों की कोई भी जगह नहीं है। यह बात भी चर्चा में आती है कि जब भी किसी महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति होने वाली होती है, तो यदि व्यक्ति का नाम उस पद के लिए उठने लगता है, तो उसे वह पद नहीं मिलता। प्रधानमंत्री मोदी एक ऐसे चेहरे को सामने लाते हैं, जिसका किसी को कोई भी अंदाजा नहीं होता।

कुछ वर्ष पहले जब 'राडिया टेप्स' का खुलासा हुआ था, तो काफी हंगामा मचा था कि किस तरह महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों को कुछ पत्रकार और कॉर्पोरेट जगत के लोग नियंत्रित करते हैं। इसके चलते उस समय की सरकार विपक्ष के सवालों के घेरे में थी, परंतु किसी भी दल की सरकार हो वह बिना कॉर्पोरेट के सहयोग के नहीं चलती। जो भी कॉर्पोरेट घराने जिस भी सरकार का सहयोग करते हैं, स्वाभाविक है कि वह बदले में कुछ न कुछ तो लेंगे ही। इसलिए हर नियुक्ति पर उनकी सलाह को अहमियत दी जाती है, परंतु मोदी सरकार में ऐसा कोई भी प्रमाण नहीं मिला है, जहां नियुक्तियों को लेकर किसी कॉर्पोरेट घराने का दखल दिखायी दिया हो। अलबत्ता विपक्षी दल भाजपा सरकार पर नियुक्तियों के मामले में कुछ कॉर्पोरेट घरानों के प्रति 'नजदीकी' का आरोप लगाती आयी है।

**पीएम मोदी एक ऐसे चेहरे को सामने लाते हैं, जिसका किसी को कोई भी अंदाजा नहीं होता।**

जिस तरह 3 राज्यों में मोदी सरकार ने नये चेहरों को राज्य के मुखिया के रूप में पदासीन किया है, उससे पूरे भाजपा कैडर में 2 तरह के संदेश गये हैं। पहला यह कि भले ही आप पहली बार ही चुनाव जीते हों आप राज्य के मुख्यमंत्री भी बन सकते हैं। दूसरा यह कि भले ही आपकी लोकप्रियता बहुत अधिक हो, होगा वही जो पार्टी की आला कमान तय करेगी, आप तो पार्टी के कार्यकर्ता ही रहेंगे। ऐसे में जो भी स्थानीय नेता पार्टी के बैनर तले अपनी राजनीति करते हैं, उन्हें यह समझना होगा कि जब तक उनके सर पर भाजपा जैसे किसी बड़े दल का हाथ है, तभी तक उनकी राजनीति बढ़ती रहेगी। जैसे ही कोई लोकप्रिय नेता पार्टी आला कमान के साथ नाफरमानी करेगा, उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया जायेगा। फिर वह नेता चाहे किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री रह चुका हो और अपने समर्थकों द्वारा हंगामा खड़ा करवाये या मीडिया में अपने समर्थकों द्वारा भावुक वीडियो डलवाये। इन हथकंडों से कुछ नहीं होने वाला।

किसी भी क्षेत्र में जब नये चेहरों को सामने लाया जाता है, तो यही समझा जाता है कि उस क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों ने अपना उत्तराधिकारी चुनने का फैसला कर लिया है और सभी लोग उसे स्वीकार कर लेते हैं। ऐसा आप हर क्षेत्र में देखते हैं, फिर वह चाहे खेल जगत हो, कॉर्पोरेट जगत हो या राजनीति। परिवर्तन तो तय ही है, परंतु जब भी किसी क्षेत्र के एक लोकप्रिय चेहरे को किसी महत्वपूर्ण पद से हटाया जाता है, तो कभी-कभी वह विद्रोह का रास्ता भी अपनाने की सोचता है। इसलिए आये दिन आपको कॉर्पोरेट जगत, फिल्मी जगत या राजनीति में ऐसे विद्रोह दिखायी देते हैं, जो विभाजन करने पर मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में एक मजबूत घराना चाहे वह कॉर्पोरेट या राजनीतिक ही क्यों न हो बिखराव की ओर चल देता है। ऐसा होना उस परिवार के लिए बहुत घातक साबित होता है।

राजनीति में जब भी किसी बड़े कद्दावर नेता को मुख्य धारा की राजनीति से हटाना होता है, तो उन्हें काफी सम्मान के साथ या तो 'मार्गदर्शक मंडल' में भेज दिया जाता है या किसी राज्य का राज्यपाल बना दिया जाता है। ऐसे में उस नेता को समझ लेना चाहिए कि उनकी राजनीतिक पारी की समाप्ति हो चुकी है और उन्हें इस 'राजनीतिक वनवास' को स्वीकार कर लेना चाहिए।

पिछले कुछ दशकों में ऐसे कुछ उदाहरण सामने आये हैं, जहां विभिन्न दलों के कुछ कद्दावर नेताओं ने बगावत करने की तो सोची, परंतु किन्हीं कारणों से या तो उन्हें भरपूर समर्थन नहीं मिला या समर्थकों ने भी इस बात का अंदाजा लगा लिया कि नयी पीढ़ी के साथ चलने में ही भलाई है।

नतीजा यह होता है कि इन बागी नेताओं को पहले जो पद सहज मिल रहा था, अब उन्हें उस पद के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। ऐसे में जब चिड़िया दाना चुग लेती है तो पछताने से कुछ भी हाथ नहीं लगता।

मोदी सरकार में किसी भी पद पर नियुक्ति की भविष्यवाणी का नहीं किया जाना एक सीधा संदेश है कि प्रधानमंत्री मोदी की हर कार्यकर्ता पर नजर है और उसे उसकी मेहनत के अनुसार ही उचित इनाम या दंड दिया जायेगा। यदि कोई भी कार्यकर्ता अपनी क्षमता से अधिक महत्वाकांक्षी होगा, तो उसे उसके परिणाम के लिए तैयार रहना चाहिए। भाजपा जैसे एक मजबूत दल को किसी कार्यकर्ता द्वारा चुनौती देना आसान नहीं होगा। हर राजनीतिक दल एक परिवार की तरह होता है और परिवार के हर सदस्य को पूरी अहमियत दी जानी चाहिए। कोई भी सरकार या दल केवल अटकलों के आधार पर नहीं चल सकता उसके लिए सभी पहलुओं को देखना आवश्यक होता है।

## जमशेदपुर की खबरें

## मंझारी में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आज

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** कोल्हान के मंझारी हाईस्कूल मैदान में 16 दिसंबर को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। शुक्रवार को जिले के डीसी अनन्य मित्तल, जगन्नाथपुर एसडीओ मुकेश मछुआ सहित अन्य पदाधिकारी ने कार्यस्थल का जायजा लिया। फुटबॉल मैदान सज धज के तैयार है। मैदान में वाटरप्रूफ पंडाल व शिविर स्थल में 25 स्टाल बनाया गया। स्टाल में सभी प्रकार की सरकारी लाभ उपलब्ध होगा। वहीं पंडाल में करीबन 5 हजार कुर्सी लगाया गया। साथ ही बैठने के लिए करपेट बिछाया गया। ताकि किसी को दिक्कतें नहीं हों।जिला प्रशासन ने हैलीकॉप्टर लैडिंग स्थल में सुरक्षा घेरा लगाया। मंच के बांया साईड में योजनाओं का शिलान्यास पट लगाया गया।जहां मुख्यमंत्री एक साथ करोड़ों योजना का आनलाइन शिलान्यास करेंगे। बीआपी सुरक्षा घेरा लगाया गया।

## सोनारी झाबरी बस्ती निवासी 32 वर्षीय युवक का शव बरामद,जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत सुवर्णरेखा नदी सोनारी के झाबरी बस्ती निवासी 32 वर्षीय भीम सिंह भूमिज का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शुक्रवार को घटना की सूचना मिलते ही पहुची पुलिस शव बरामद कर कारवाई में जुट गयी। मिली जानकारी के अनुसार भीम सिंह सर्किट हाउस एरिया के एक ऑफिस में काम करता था। वह सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकला था। लेकिन वापस नहीं लौटा। नदी में शव होने की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच कर शव की पहचान की। मौके पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भीम सिंह के छोटे भाई भोपाल सिंह भूमिज ने बताया उनका भाई कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। घर में भी शांत रहता था और किसी से कोई बात नहीं करता था। भाई की किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा हो पायेगा।

# ट्रेन से यात्रियों के सामान चोरी करनेवाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बैग में कीपैड मोबाइल, तीन हजार रुपये नकद, चोरी में इस्तेमाल किये जाने वाले औजार और 3.50 लाख रुपये के चोरी के गहने बरामद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटानगर स्टेशन व आसपास के स्टेशनों में चलती ट्रेन से यात्रियों के आंख में धूल झोंककर चोरी करने के मामले का आरपीएफ पुलिस ने खुलासा कर दिया। शुक्रवार को टाटानगर स्टेशन के आरपीएफ प्रभारी संजय कुमार तिवारी इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में हरियाणा का रहने वाला टिंकू उर्फ मोटा और बलवंत उर्फ काला शामिल है। जबकि दो अन्य साथी बिट्टू कुमार और अनूप सिंह फरार होने में कामयाब हुए। जिनकी तलाश की जा रही है। ये सभी हरियाणा के रहने वाले हैं। सांसी गैंग से जुड़े हुए है। पूछताछ में जानकारी मिली है कि हावड़ा से टाटानगर आ रही एक महिला के बैग से इन लोगों ने लाखों के गहनों की चोरी की थी। इसके अलावा 15 दिन पहले राउरकेला में एक यात्री के 35 लाख रुपए के गहनों की चोरी हो गयी थी। उस मामले में दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी। उन्होंने बताया राउरकेला से टाटानगर आ रही इस्पात एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रहे चार लोगों को आरपीएफ ने आदित्यपुर स्टेशन के पास पकड़ने की कोशिश की, तो उनमें से तीन भाग गए जबकि एक पकड़ा गया। बाद में उसके एक अन्य साथी को आदित्यपुर यार्ड के पास से पकड़ लिया गया। इनके दो अन्य साथी भागने में सफल रहे। जांच के क्रम में उनके पास से एक बैग में कीपैड मोबाइल, तीन हजार रुपये नकद, चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार और लगभग 3.50 लाख रुपए के चोरी के गहने बरामद हुए हैं।

# भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का अधिवेशन आज से

**भोजपुरी की दशा और दिशा पर होगा मंथन, आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए बनेगी रणनीति**




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का 27वां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शनिवार से स्थानीय तुलसी भवन में आयोजित होने जा रहा है, जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। अधिवेशन की आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार शाम आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सम्मेलन के भावी अध्यक्ष ब्रजभूषण मिश्र, महामंत्री डॉ जयकांत सिंह, मॉरीशस से पधारीं सरिता बुधु, नेपाल से आये प्रतिनिधि गोपाल ठाकुर, गोपाल अश्क, भोजपुरी जंक्शन के संपादक मनोज भावुक, आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रसेनजित तिवारी, सचिव डॉ सन्ध्या सिन्हा, तुलसी भवन के न्यासी अरुण तिवारी, संयोजक डॉ अजय ओझा आदि ने पत्रकारों को आयोजन की जानकारी दी।

आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रसेनजित तिवारी ने बताया कि शनिवार 16 तथा रविवार 17 दिसंबर को अधिवेशन में विभिन्न पहलुओं पर साहित्यिक विमर्श, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुस्तक प्रर्दशनी आदि का आयोजन होगा। साहित्यकार सम्मान भी इस कार्यक्रम का हिस्सा रहेगा। भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की रणनीति भी बनेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मॉरीशस से पधारीं सरिता बुधु ने बताया कि मॉरिशस के भोजपुरी गीतों को यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल किया है। मॉरीशस फिजी, सूरिनाम, गुयाना, गिनिवाव आदि अनेक देशों में भोजपुरी सेवी अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं। डॉ सरिता बुधु के पति मॉरीशस के उप प्रधानमंत्री रहे हैं।

नेपाल से आये प्रतिनिधि एवं वहां के पूर्व सांसद सह संप्रति भाषा उत्थान समिति के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने कहा कि नेपाल में भी भोजपुरी तीसरी सबसे बड़ी भाषा है एवं वहां की भोजपुरी भाषी जनता काफी सक्रिय है। अधिवेशन का विशेष आकर्षण 16 दिसम्बर की संध्या की सांस्कृतिक संध्या रहेगी, जिसमें नृत्य, नाटक, गीत इत्यादि की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां होंगी। इसमें पूरे देशभर से आये कलाकार भाग लेंगे। इसी तरह 17 दिसंबर की संध्या राष्ट्रीय भोजपुरी कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। सभी प्रतिनिधि 18 दिसंबर को प्रातः जलपान के पश्चात वापसी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कुपोषण दूर करने और कुपोषित बच्चों की पहचान करने के लिए अभियान शुरू



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले से कुपोषण को दूर करने व कुपोषित बच्चो की पहचान के लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सत्य ठाकुर ने पहल शुरू कर दी। शुक्रवार से आईसीडीएस द्वारा वृद्धि निगरानी सप्ताह का शुभारंभ किया गया।इसके तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वीएचएसएनडी के पूर्व 0-5 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाए, धात्री माताए तथा 14 से 18 वर्ष की बालिकाओं की वृद्धि की निगरानी की जाएगी। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कुपोषण की समय पर पहचान के लिए नियमित रूप से वृद्धि की निगरानी जरूरी है। ताकि कुपोषित बच्चों में कुपोषण को समय से दूर करने की योजना से लाभान्वित करते हुए जरूरी सलाह दी जा सके। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन सप्ताह का आयोजन कर सभी बच्चों की वृद्धि माप की जाएगी। गंभीर कुपोषित बच्चों का एएनएम द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी। अति गंभीर कुपोषित बच्चों, जिन्हें पोषण के साथ चिकित्सा की भी आवश्यकता है उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र रेफर किया जाएगा। अन्य कुपोषित बच्चों के माता-पिता एवं देखभालकर्ता को आहार विविधता, उच्च ऊर्जा युक्त भोजन, व्यतिगत स्वच्छता पर परामर्श एवं स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित सेवाओं से जोड़ा जाएगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सत्य ठाकुर ने बताया विभागीय निर्देश के तहत जिले के परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को वृद्धि निगरानी के संबंध में जानकारी दी जा चुकी है। ताकि, वृद्धि निगरानी के सभी आंकड़ों की इंट्री पोषण ट्रैकर एप में दर्ज की जा सके।

## डहरे टुसू पर्व की तैयारी को लेकर बैठक



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के द्वारा डिमना से साकची तक आयोजित होने वाले डहरे टुसु पर्व की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। शुक्रवार को दीपक कुमार महतो के अध्यक्षता में कुड़माली भवन लोवाडीह में आयोजित बैठक में पटमदा प्रखंड कमिटी तैयार की गई।मौके पर प्रखंड के सभी पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पटमदा प्रखंड से पिछले बार की तरह इस बार भी 90 गाँव के 50 हजार से ज्यादा लोगों का भागीदारी होगा। इसमें 7 पारम्परिक छो नृत्य टीम, 24 महिला नृत्य टीम का झांकी इसबार का आकर्षण का केंद्र रहेगा। बैठक में जयराम महतो, फोनी महतो, साधुपदो महतो, माधव महतो, दीपक महतो, लबोघोन महतो, साधु महतो, साधन महतो, सनातन महतो, निर्मल महतो, राजकिशोर महतो, रामकृष्ण महतो, लालमोहन महतो, संतोष महतो,दीपक रंजीत सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# नहीं रुकेगी विकास की रफ्तार : मंत्री

**40 करोड़ की लागत से होगा दो सुदूरवर्ती सड़कों का निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में 40 करोड रुपये की लागत से दो सुदूरवर्ती अति महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जायेगा। लगभग 59 किलोमीटर लंबी इन सड़कों के निर्माण की पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल



फोटो : मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

गढ़वा के तहत 18 करोड़ 9 लाख 11 हजार 300 रुपये की लागत से भंडरिया से टेहरी वाया बड़गड़ 26 किलोमीटर सड़क तथा 21 करोड़ 21 करोड़ 92 लाख 49 हजार 700 रुपये की लागत से लगभग 33 किमी चिनिया, रणपुरा, खुथुवा मोड़ सड़क का 5.5 मीटर कैरिजवे के साथ राइडिंग क्वालिटी में सुधार किया जायेगा। यह सड़क एनएच 343 का वैकल्पिक मार्ग है। यह छत्तीसगढ़ राज्य को भी जोड़ती है।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह दोनों सड़कें जिले के अति सुदूरवर्ती क्षेत्रों से गुजरती हैं। उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी थी। इन सड़कों के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा विकास की रफ्तार पकड़ चुका है। विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, गढ़वा की विकास की रफ्तार रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोगों की मानसिकता ही नकारात्मक होती है। जब उन्हें कुछ बेहतर करने का मौका मिलता है तब वे काम करने के बजाय भोली-भाली जनता को झूठ और फरेब के बल पर बेवकूफ बनाते हैं। हाथ से मौका निकल जाने के बाद जब दूसरे लोग बेहतर कार्य करते हैं तो वे सिर्फ हर कार्य में टांग अड़ाने का ही कार्य करते हैं। परंतु किसी की नकारात्मक विचारों और कार्यों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। गढ़वा ने अब विकास की रफ्तार पकड़ लिया है और अपने रफ्तार में गढ़वा का विकास निर्बाध रूप से होता रहेगा।

मंत्री ने कहा कि आज गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां बेहतर आवागमन की सुविधा के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के लोगों ने काफी जांच, परख कर उन्हें अपना सेवक चुना है। वे सेवक के रूप में गढ़वा वासियों की उम्मीदों पर पूरी तरह से खर्रा उतरने का ईमानदारी पूर्वक प्रयास कर रहे हैं। यही कारण है कि आज पूरे गढ़वा में जहां भी खड़े हो जाएं वहां विकास की नयी झलक दिखती है।

# जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का चयन 23 से

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का चयन प्रतियोगिता दिनांक 23-12-2023 दिन शनिवार और 24/12/2023 को प्रातः 10:00 बजे से रामा साहू स्टेडियम में किया जाना सुनिश्चित है। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में विभाजित है जिसमें अंडर -14 बालक/ बालिका और अंडर -16 बालक /बालिका का प्रतियोगिता होना है। दिनांक 23/12/2023 को अंडर /14, अंडर /16 बालिका वर्ग और 24/12/2023 अंडर 14, 16 बालक वर्ग की प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड का फोटो कॉपी, बैंक अकाउंट का फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। जो प्रतिभागी मैट्रिक पास कर लिए हैं उन्हें मैट्रिक का प्रमाण पत्र, जिसमें जन्म तिथि अंकित हो उसे लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा, जो 2024 के फरवरी में गुजरात में आयोजित होना है। खिलाड़ियों का जन्म अंडर -14 आयु वर्ग के लिए 15 -01-2010 से 14-01-2012 के बीच होना अनिवार्य है और अंडर -16 आयु वर्ग के लिए 15-01-2008 से 14-01- 2010 के बीच का होना अनिवार्य है। 'प्रतियोगिता का इवेंट्स निम्नलिखित है-

**अंडर 16 बालक/बालिका वर्ग** 800 मीटर, 600 मीटर, 1600 मीटर, ऊंची कूद, लंबी कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक, हेक्साथलोन।

**अंडर 14 बालक/बालिका वर्गः** ट्रायथलॉन (60मीटर, 600 मीटर), स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, गोला फेक, ऊंची कूद, किड्स जैवलिन।

**प्रतियोगिता के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए**
**संघ के कोषाध्यक्ष अजय कांत-7461906890, सह सचिव सुशील तिवारी-6201073740 से संपर्क किया जा सकता है यह जानकारी संघ के सचिव आलोक मिश्रा ने दी।**

# निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन 17 दिसंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नारायणा हृदयालय गुरुग्राम और जायंट ग्रुप के संयुयक्त तत्वाधान में मासिक निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन हर माह के तीसरे रविवार को किया जाता है। इस श्रृखंला में इस माह शिविर का आयोजन इस माह 17 दिसंबर, रविवार को ज्ञान निकेतन स्कूल छठ घाट, गढ़वा के प्रांगण में किया जायेगा। यह सुविधा सिर्फ हृदय रोग से ग्रसित व्यक्तियों को निःशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी। नयी दिल्ली के एम्स से हार्ट सर्जरी का प्रशिषण प्राप्त गढ़वा के मूल निवासी डॉ विकास केशरी परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। वतर्मान में गुरुग्राम के नारायणा हृदयालय में वरिष्ठ हार्ट सजर्न के रूप में कार्यरत डॉ. विकास केशरी ने बताया कीलंबे



समय तक सही उपचार नहीं करने पर सभी हृदय-रोग और अधिक जटिल हो जाते हैं और अन्य अंगों पर भी इसका असर पड़ता है। उपचार में किया गया विलंब सरल उपचार को भी अत्यधिक कठिन अथवा जोखिम भरा बना सकता है। यहां तक कि ज्यादा विलंब होने से कुछ हृदय रोग लाईलाज भी हो जाते हैं। जिन रोगियों को हार्ट में छिद्र, हार्ट वाल्व में सिकुड़न, हार्ट वाल्व में रिसाव, हार्ट की नसों में रुकावट, सीने में दर्द, सांस की तकलीफ, पैरें में सूजन, हार्ट अटैक इत्यादि समस्यायें हैं अथवा ओपन हार्ट सर्जरी का परामर्श दिया गया है वो परामर्श लेकर लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बीस वर्ष से कम आयु के आर्थिक रूप से पिछड़े रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें आर्थिक सहायता पहुँचाने का प्रावधान भी उनके अस्पताल में उपलब्ध है। क्षेत्र के अन्य रोगियों की भी हर प्रकार से आर्थिक सहायता करने के लिए डॉ विकास और अस्पताल प्रबंधन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। जायंट ग्रुप के सदस्यों की ओर से भी इस सुविधा का अधिक से अधिक समुचित लाभ उठाने के लिए स्थानीय जनता से अपील की गयी है।

# जरासंध महोत्सव को सफल बनाने पर आभार प्रकट किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** चंद्रवंशी युवा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी ने गत 10 दिसंबर दिन रविवार को जरासंध महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि गढ़वा जिला के सभी चंद्रवंशी माताओं, बहनों बुजुर्गो नौजवान साथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा है कि जिला के चंद्रवंशी सेना गढ़वा के पदाधिकारियों के आह्वान पर चट्टानी एकता दिखाने का परिचय दिया है इसी तरह समाज आगे बढ़ता रहा तो एक दीन अपना हक अधिकार लेने में अवश्य सफल होंगे। उन्होंने चंद्रवंशी सेना के शोभा रथ यात्रा को सम्मनित करने वाले सभी समाजसेवियों को पदाधिकारियों के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और आभार व्यक्त किया गया। मौके पर संयोजक विनोद चंद्रवंशी, अध्यक्ष सन्नीचंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद चंद्रवंशी, सचिव संजय चंद्रवंशी, सरवन, विमल, सोनू, राजू, रवि, गौतम, मंटू अधिवक्ता, नितेश इत्यादि उपस्तिथ थे।

# नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी** (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला में शुक्रवार को नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नृपेंद्र सिंह की देख रेख में विद्यालय के कक्षा नवम और दशम के बच्चों को हाउस वाइज बांटकर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गंगा हाउस की टीम ने सोन हाउस की टीम को हराते हुए शानदार जीत हासिल की। खेल के दौरान रेफरी की भूमिका स्वयं प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक सतेंद्र मिश्र और कमीनटेटर की भूमिका हाई स्कूल के शिक्षक कमलेश राम ने निभाई। विदित हो कि भारत के प्रधानमंत्री द्वारा पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने के लिए पूरे भारत में खेलो



कबड्डी अभियान चलाया जा रहा है, प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा पूरे देश में पंचायत से लेकर राज्यों में चलाया जा रहा है, इसी अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे के नेतृत्व में शुक्रवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए रामलाला दुबे ने कहा कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक काफी ऊजार्वान हैं, प्रधानाध्यापक व विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जो प्रयास किया जा रहा है वो काफी सराहनीय है।

इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला मिडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंह,भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ललन पासवान सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

## उपायुक्त ने पंचायतों में चल रहे कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की, कहा

# आवेदन का निष्पादन कर उसे पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कार्यक्रम के माध्यम से शिविरों में प्राप्त आवेदन का निष्पादन कर उसे ऑनलाइन पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड करने का निर्देश दिया। जिससे डिस्पोजल हुए मामलों को एवं प्रक्रियाधीन मामलों को देखा जा सके। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर दी जा रही परिसंपत्तियों एवं स्वीकृति पत्रों का भी अनिवार्य रूप से डाटा ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया। इनमें मुख्य रूप से साइकिल वितरण, बर्थ सर्टिफिकेट, आधार कार्ड अपडेट या निर्माण, कंबल वितरण, राशन कार्ड से जुड़े मामले, राजस्व से जुड़े मामले, दिव्यांगता प्रमाण पत्र से जुड़े मामले, सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी वितरण, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन से जुड़े मामले, बिरसा कूप संवर्धन योजना और अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। कई प्रखंडों द्वारा आयोजित हो रहे कार्यक्रमों और उनमें दी जा रही परिसंपत्तियों और स्वीकृति पत्रों का प्रतिदिन ऑनलाइन रिपोर्टिंग नहीं करने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते उपायुक्त ने सभी प्रखंडों, नगर पंचायत में आयोजित हो रहे शिविरों में दिये जा रहे सरकारी योजनाओं के लाभ और हो रहे समस्याओं के समाधान से जुड़े सभी रिपोर्ट को ऑनलाइन अप टू डेट रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उक्त कार्यक्रमों का सफल संचालन सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप करने का निर्देश दिया।

इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा बिजय कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत ऑनलाइन माध्यम वीसी के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में आदेशपाल की मौत

**रमना (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के टंडवा निवासी शिव कुमार सिंह उम्र 48 वर्ष की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी। खबर के अनुसार बीती रात रमना टंडवा मुख्य सड़क यात्री शेड के समीप उसका शव पड़ा था। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। इधर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी। विदित हो की शिव कुमार सिंह बंशीधर नगर अनुमंडल कार्यालय में आदेशपाल का कार्य करता था। इस घटना के सूचना के बाद मृतक के परिजनों के चीत्कार से पूरा आस पास के क्षेत्र गमगीन हो गया। मुखिया संतोष सिंह सहित कई लोगो ने मृतक के घर जाकर शोक जताया है।**

## लूना की टक्कर में युवक घायल



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। टाउनशिप भवनाथपुर मुख्य पथ स्थित रेलवे साइडिंग के समीप लूना की टक्कर में अरसली उत्तरी निवासी देवकी पासवान घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। समाचार के अनुसार देवकी पासवान अपनी लुना गाड़ी से भवनाथपुर जा रहा था। रेलवे साइडिंग के समीप तीन लूना आपस में टकरा गयी। उक्त दुर्घटना में देवकी पासवान घायल हो गया।**

## अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रामकृष्ण द्विवेदी का निधन, शोक की लहर

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रामकृष्ण द्विवेदी का शुक्रवार की शाम करीब 5:00 बजे रांची स्थित पल्स अस्पताल में हो गया। 76 वर्षीय अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रामकृष्ण द्विवेदी गढ़वा जिले के मेराल थाना क्षेत्र के पेस्गांका गांव के मूल निवासी थे। वे पिछले लगभग दो वर्षों से बीमार चल रहे थे ।उनकी तबीयत खराब होने के बाद उन्हें रांची के पलस अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था जहां आज उनका निधन हुआ। उनके निधन की खबर मिलते हैं गढ़वा में शोक की लहर छा गया। उनके निधन की सूचना देते हुए उनके भतीजे रविंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि उनका अंत्येष्टि शनिवार को जिला मुख्यालय गढ़वा में दानरों नदी स्थित अस्मशान घाट पर सुबह 10:00 बजे किया जायेगा।**

# जेएसएलपीएस की महिला समूह के सदस्यों ने जागरूकता रैली निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बिलासपुर आजीविका महिला संकुल संगठन अन्तर्गत हुलहुला खुर्द पंचायत के नरखोरिया, पिंडरिया, शिवपुर, सोनवर्षा गांव के सभी जेएस एल पी एस के महिला समूह के सदस्यों ने नयी चेतना, पहल बदलाव की, सहेंगे नही कहेंगे, चुप्पी तोड़ेंगे, लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान, शपथ आदि कहते हुए पिंडरिया चौपाल से लेकर सोनवर्षा गांव तक जागरूकता रैली निकाली। एसआरपी वाजदा खातून ने कहा कि लिंग आधारित वह व्यवहार जिसकी वजह से महिलाओं और लड़कियों को शारिरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से चोट पहुंचे या पहुंचने की संभावना हो उसे हम



हिंसा कहते है। आज महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नही है, पितृसत्ता का वह नियम जो महिलाओं को अपने उस परिस्थितियों में फसी हुई है जिस परिस्थितियों से महिलाएं निकल नही पा रही है।

पितृसत्ता में मान्यता है कि महिलाएं काम और भोग के लिए है, जिस कारण पुरुषों में यह धरना बना हुआ है। आज सरकार महिलाओं और पुरुषों को बराबरी का दर्जा दिया है, इसलिए महिलाओं और पुरुषों दोनों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर हुलहुला पंचायत की मुखिया सुशीला देवी,एसआरपी वाजदा खातून, एफटीसी अनुज सिंह, बीएपी रंजीत कुमार साव, आईपीआरपी जाबिर हुसैन, सीसी योगेन्द्र सिंह, अध्यक्ष जुलेखा बीबी, सचिव चिंता देवी, सक्रिय महिला अंजू, खुश्बू, उषा, पिंकी, माधुरी, शिला, जैरुणं निशा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विवादित सड़क की प्रशासन की मौजूदगी में नापी करायी गयी

**खरौंधी (आजाद सिपाही)। खरौंधी प्रखंड के चौरिया में विवादित सड़क का प्रशासन की मौजूदगी में नापी कराई गई। नापी के पश्चात उक्त सड़क का ग्रामीणों ने मरमती भी कराया। जानकारी के अनुसार उक्त सड़क से नापी कर अतिक्रमण मुक्त करवाकर दर्जनों ग्रामीण धरना प्रदर्शन किये थे। धरना स्थल पर सीओ सुनील कुमार ने ग्रामीणों को समझाते हुए दो दिन में सड़क की मापी करने का आश्वासन दिया था। इसके पश्चात गोरखनाथ चौधरी,मुखिया प्रमोद पासवान के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया था। धरना प्रदर्शन के आलोक में उक्त सड़क को ग्रामीणों की उपस्थिति में नापी कराया गया।**

## ठंड लगने से वृद्ध की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अंतर्गत मुरपा कांशीटांड़ के समीप मृतक अरु पतराटोली निवासी स्वर्गीय सीताराम उरांव का 62 वर्षीय पुत्र जोहन उरांव का शव मिलने की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजवाया।**

# सीआरपीएफ 158वीं बटालियन के स्वच्छता पखवाड़ा का समापन




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारत सरकार द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार 158वीं बटालियन, सीआरपीएफ में दिनांक 01/12/2023 से 15/12/2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवधी के दौरान बटालियन के अधिकारियों/जवानों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने, हर वर्ष स्वच्छता के लिए 100 घंटे श्रमदान करने, अपने गली मुहल्ले, कार्यस्थल को स्वच्छ रखने तथा अन्य 100 व्यक्तियों को भी इस सबंध में जागरूक करने हेतु शपथ ली। कार्ययोजना के अनुसार 158वीं बटालियन, सीआरपीएफ द्वारा बैनर लगाकर, स्थानीय लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से रोड़ मार्च भी निकाला। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान बटालियन के कार्मिकों द्वारा अपने परिसर स्थित बैरकों की छतों, मैसों के स्टोर, बाथरूम तथा नालियों इत्यादी की साफ-सफाई की गयी तथा कैम्प परिसर और आस-पास के क्षेत्र के कूड़े का उचित निष्पादन किया गया। डीसी ऑफिस लोहरदगा मोड़ में स्थित चर्च तथा अजय उद्यान पार्क लोहरदगा में जाकर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिससे आम जनता के बीच स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयत्न किया गया। इसके अलावा स्वच्छता पखवाड़ा के समापन के दौरान दिनांक 15/12/2023 को राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट - 158 बटालियन तथा अधिकारियों द्वारा कैम्प परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाने स्वच्छता बनाएं रखने तथा मलेरिया और अन्य बीमारियों के खिलाफ निवारक उपायों के बारे में जवानों को जागरूक करने के साथ स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के समापन की घोषणा की।

# 22वीं गढ़वा जिला स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**प्रतियोगिता का उद्घाटन एसपी दीपक कुमार पांडे और डीडीसी राजेश कुमार राय करेंगे**

**इस वर्ष 49 टीम और 735 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग**

**उद्घाटन मैच- आईपीएस पब्लिक स्कूल रंका और संत पॉल रेहला के बीच होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित होनी वाली 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से गोविंद हाई स्कूल के मैदान में शुरू होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसपी दीपक कुमार पांडे और डीडीसी




राजेश कुमार राय करेगे। संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडे ने कहा कि यह प्रतियोगिता प्रदेश के सबसे बड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में जाना जाता है, इस वर्ष 49 टीम भाग ले रहे है जिसमें 735 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता एक माह तक चलेगी, जिसका समापन 14 जनवरी को होगा। जिसमें जिले के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय के बच्चे भाग ले रहे है। उक्त बातें अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 22वें वर्ष में प्रवेश कर गयी है। प्रतियोगिता तीन ग्रुप मे आयोजित किया जाता है, ताकि विद्यालय के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकें। प्रतियोगिता को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण से संपन्न हो, इसके लिए पर्यवेक्षक और अंपायर पैनल तैयार किया गया है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की प्रतियोगिता की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रदेश का यह सबसे बड़ा आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के खिलाड़ी जिला का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे इस प्रतियोगिता की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। यह राज्य में खेल के क्षेत्र में होने वाले सबसे बड़े आयोजनों में से एक है। इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, जितेंद्र सिंह,अशोक कुमार दुबे, चंद्रभूषण सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, मनोज तिवारी, मनीष उपाध्याय, आदित्य तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, मनीष पाठक, प्रवीण मिश्रा आलोक गुप्ता, रोहन तिवारी, पंकज सोनी, आदित्य, विशाल कुमार, अनिल कुमार मेहता, आयुष सिंह, साकेत कुमार, सिकंदर शामिल थे।

## सोनाहातू में क्षेत्रीय गूंज महोत्सव की धूम

# 3000 लोगों को किया गया सम्मानित

1000 छऊ नृत्य कलाकारों ने बांधा समा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** सिल्ली स्टेडियम में 18 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय गूंज महोत्सव के पूर्व शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड के थाना मैदान में क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का समापन किया गया। इस मौके पर विधायक सह गूंज के संरक्षक सुदेश महतो ने कहा कि क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का उद्देश्य लोगों के बीच जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचने के साथ स्थानीय कलाकारों की प्रतिभाओं को मंच देना और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि मुख्य महोत्सव से पहले क्षेत्रीय स्तर पर गूंज महोत्सव का आयोजन इसी साल से शुरू हुआ है। गूंज के सफर में एक नया अध्याय इस महोत्सव के मकसद को और व्यापक बनाना है। सोनाहातू में आयोजित महोत्सव में कला संस्कृति के कार्यक्रमों के साथ समाज कल्याण और गरीब के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस महोत्सव में एक साथ 1000 कलाकारों ने छऊ नृत्य की अद्‌भुत पेशकश करते हुए रोमांचक समां बांधा। इसके अलावा 600 स्कूली छात्रों के सामूहिक नृत्य कार्यक्रम का नजारा भी लोगों को आकर्षित करता रहा।





### रसोइया, ग्राम प्रधान, सहिया का सम्मान :

महोत्सव में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले पूरे प्रखंड के ग्रामप्रधान, संयोजिका, रसोइया, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, महिला समूह, क्षेत्रीय कवि, लेखक, कलाकार को सम्मानित कर उन्हें आगे भी बेहतर करने के लिए उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। साथ ही ग्राम सांस्कृतिक दलों के बीच वाद्य यंत्र वितरण किया गया। स्टूडेंट के लिए निःशुल्क स्टूडेंट एक्सप्रेस आइ कार्ड का भी वितरण किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन हुआ। दिव्यांग जनों के लिए रजिस्ट्रेशन कर प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस दौरान दिव्यांगों के बीच निःशुल्क सहायक उपकरण व्हीलचेयर आदि का वितरण किया गया। साथ ही निःशुल्क उज्ज्वला एलपीजी गैस कनेक्शन का वितरण हुआ। सोनाहातू सीएचसी और सदर अस्पताल रांची के चिकित्सकों ने जांच में हिस्सा लिया। इनमें डॉ जयराम शर्मा, डॉ उषा सिंह, डॉ कांति सिंह विशेष तौर पर उपस्थित थे।

### रसोई गैस का वितरण

उज्ज्वला योजना तहत साई इंडेन सोनाहातू द्वारा 40 और उर्मिला भारत गैस के द्वारा 50 लाभुकों को रसोई गैस का वितरण हुआ। किसान मेले का भी आयोजन जिला कृषि विभाग के द्वारा किसान मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 92 किसानों को उत्कृष्ट उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया।

# राजा पीटर ने ली खुली हवा में सांस

## जेल से निकलते ही समर्थकों ने किया गाजे-बाजे के साथ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर का होटवार जेल से निकलते ही स्वागत किया गया। उन्हें माला पहना कर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। राजा पीटर ने हाथ जोड़कर सभी समर्थकों का आभार व्यक्त किया। समर्थक एक झलक अपने नेता का पाने के लिए जगह-जगह इंतजार कर रहे थे। वहीं तमाड़ विधानसभा के टायमारा पहुंचते ही गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद सलगाडीह तमाड़ राइडीह चौक, तोडाग मोड़, भुइयाडीह, रड़गांव, रंगामाटी और तमाड़ दिउडी स्थित होटल कोबिडा कासा में भी रूके। लगभग साढ़े छह साल बाद जमानत पर राजा पीटर निकले। जैसे ही झारखंड हाइकोर्ट से जमानत के बाद खबर मिली, उनके समर्थकों में एनर्जी मिल गयी। चौक-चौराहों पर दिनभर चर्चा होती रही कि अब फिर तमाड़ विधानसभा में राजनीतिक गतिविधियां जोड़ पकड़ेगी। ज्ञात हो कि झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को तमाड़ विधानसभा से मात दी थी। फिर जेल से ही चुनाव लड़े और लगभग 16 हजार वोट लाये। उनके समर्थक कहते हैं कि राजा पीटर के विधायक काल में गरीब-गुरबों के घरों में किसी भी कार्यक्रम में राशन-सामग्री और मदद पहुंच जाती थी। जेल से निकलते वक्त सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने भी उन्हें बधाई दी।



## आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक कल

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड के राइडीह में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक 17 दिसंबर को होगी। इसमें पेंशन और अन्य सुविधाओं सरकार द्वारा देने पर मंथन किया जायेगा। इसमें लालचंद महतो भी उपस्थित रहेंगे। बैठक के बाद सरकार को लिखित आवेदन दिया जायेगा। साथ ही एक सप्ताह के अंदर मुख्यमंत्री से मिलकर प्रतिनिधिमंडल समस्याओं से अवगत करायेगा। यह जानकारी झारखंड आंदोलनकारी अरूण कश्यप ने दी।

## तैमारा पंचायत में कई विभागों के 1518 आवेदन आये



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड की तैमारा पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारा में विभिन्न विभागों के 1518 आवेदन आये। इसमें सिर्फ अबुआ आवास योजना के तहत 648 आवेदन और नया जॉब कार्ड में 160 आवेदन मिले। बाकी 710 आवेदन में 50 आवेदन का निष्पादन किया गया। कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता, बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया ने कहा कि सरकार आवेदन का जल्द निष्पादन करे। उप प्रमुख सीमा देवी, बीडीओ रेणु कुमारी, सीओ पवन कुमार, डॉ दिलीप पासवान सहित अंचल के सभी विभागों के लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### 30 दिसंबर के बंद को सफल बनायें सरना समाज के लोग: सालखन मुर्मू



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय डाक बंगला में शुक्रवार को पड़हा राजा सोमा मुंडा की अध्यक्षता में सरना धर्म समंवय समिति खूंटी की बैठक आयाजित की गई। बैठक में सरना धर्म कोड की मान्यता के लिए 30 दिसंबर के भारत बंद को सफल बनाने का फैसला लिया गया। बैठक में पूर्व सांसद और सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कहा कि सरना धर्म कोड हम भारत के प्रकृति पूजकों के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिए अनिवार्य है, अन्यथा हमें जबरन हिंदू, मुस्लिम, ईसाई आदि बनने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत बंद को सफल बनाकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाना जरूरी है। सरना धर्म संस्कृति बचेगी तभी जल-जंगल-जमीन एवं पारंपरित व्यवस्थाएं सुरक्षित रहेगी। सरना धर्म कोड के लिए जोरदार आंदोलन करने की जरूरत है। हमारा नारा रहेगा जो सरना कोड देगा, आदिवासी उसको वोट देगा। बैठक में बिरसा कंडीर, सुभाषिसनी पूर्ति, महादेव मुंडा, मोदेस्ता तोपनो, कुवांरी होरो, करमी टूटी, प्रमोद एक्का, बाना मुंडा, सुनीता गुड़िया, बुधराम सिंह मुंडा, गोपाल बोदरा, मधु बारला, सुनिला ओड़ेया, बिरसा तोपनो, जेना मुंडा, रोहित तानी, गोमेया पाहन आदि उपस्थित थे।

### छात्रों का दल शैक्षणिक भवन के लिए राजगीर रवाना



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेंती के छात्र छात्राओं का एक दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए शुक्रवार को बोधगया राजगीर विश्वविद्यालय नालंदा के लिए रवाना हुआ। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया जाता है। इससे बच्चों को कई प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। शिक्षकों ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले बच्चे वहां की वर्तमान और भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी लेते हैं। शिक्षा के लिए शैक्षणिक भ्रमण एक बेहतर पहल है। इस दौरान शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे एक बस में सवार होकर शुक्रवार की सुबह रवाना हुए। इस मौके पर विजय टोप्पो,दशरथ महतो,मुकेश दास,प्रभु ठाकुर,गोवर्धन,अजय प्रजापति,सोनी कुमारी, डोली कुमारी,सपना कुमारी,निखिल कुमार, बिनित कुमार,साक्षी कुमारी,जानवी कुमारी सहित स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

### एनआइए की टीम ने खूंटी में पांच उग्रवादियों के घरों में की छापामारी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी और उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के पांच उग्रवादियों और समर्थकों के पांच ठिकानों में शुक्रवार को एनआईए की टीम ने छापामारी की। हालांकि को यह जानकारी नहीं मिल सकी कि एग्रवादियों के ठिकानों से एनआइए को क्या हाथ लगा। एनआइए की टीम शुक्रवार को अहले सुबह रनिया, जरियागढ़, तपकरा और खूंटी पहुंची और नक्सली संगठन भाकपा माओवादी और उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के पांच उग्रवादियों और समर्थकों के घरों में छापामारी किया। जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम ने खूंटी मेलाटांड़ निवासी शुभम पोद्दार, रनिया के नीलाम्बर गोप और शिव साहू, तपकरा के विलकन गुड़िया और जरियागढ़ के संजय तोपनो के घर में पहुंची और काफी देर तक जांच-पड़ताल की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है।

### अबुआ आवास के लिए 663 लोगों ने दिया आवेदन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड की सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित मानकीडीह पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोग अबुआ आवास का फार्म भरते दिखे। देखते ही देखते 663 लोगों ने फार्म भर कर जमा किये। 1112 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 235 लोगों को सोना सोबरन योजना के तहत घोती साड़ी के लिए आवेदन दिये। पांच ने केसीसी मुख्यमंत्री पशुधन के लिए, 5 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन दिये। 121 लोगों को दवाई का वितरण किया। बीडीओ संतोष प्रजापति, सीओ अतुल रंजन भगत के अलावा अन्य उपस्थित हुए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत मे शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी के सामने सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय और कीचटो पंचायत की मुखिया संगीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि आज भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को जो मजबूती मिला जिससे भारत का वैश्विक सम्मान और पहचान सबसे उपर है।

# बिरसा कॉलेज खूंटी में रांची विवि अंतर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** रांची विवि अंतर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार से बिरसा कॉलेज खूंटी में शुरू हुई। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ रांची विवि के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू, खेल समन्वयक राजेश कुमार गुप्ता और बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जीके किड़ो ने दीप प्रज्वलित कर किया। रविवार तक चलने वाली तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन महिला पुरुष वर्ग में कई प्रतिस्पधाएं आयोजित की गयी। 1500 मी दौड़ (पुरुष) में प्रथम प्रदीप कुमार (एसएस मेमोरियल, रांची) द्वितीय विज्ञान पन्ना (केओ कॉलेज गुमला) और तृतीय स्थान सुशील उरांव (केओ कॉलेज गुमला) को मिला।

1500 मी (महिला) में प्रथम हीरा सांगा (बिरसा कॉलेज खूंटी) द्वितीय चंद्रमणि उरांव (केओ कॉलेज गुमला) और तृतीय स्थान आयशा कुमारी (मारवाड़ी कॉलेज, रांची) ने प्राप्त किया। 10000 मी (पुरुष) में प्रथम सुजीत सरकार (जेएन कॉलेज, धुर्वा) द्वितीय सुदर्शन उरांव ( केओ कॉलेज गुमला) और तृतीय स्थान रवि खड़िया (केओ कॉलेज गुमला) को मिला। 10000 मी (महिला) में प्रथम ममता कुमारी ( रामलखन कॉलेज, रांची) द्वितीय फूलकुमारी (बीएस कॉलेज लोहरदगा) तथा तृतीय स्थान हीरा सांगा ( बिरसा कॉलेज खूंटी) ने प्राप्त किया। शॉर्ट पुट महिला में प्रथम सुमिना उरांव (एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची) द्वितीय नीमा कुमारी (बीएस कॉलेज लोहरदगा) और तृतीय स्थान विशाखा सिंह (एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची) को मिला। शॉर्ट पुट पुरुष में प्रथम विजय लकड़ा (एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची) द्वितीय नितेश कुमार (एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची) एवं तृतीय स्थान सन्नी कुमार चौहान (संत जेवियर कॉलेज) को मिला। हाई जंप पुरुष में प्रथम सूरज पासवान (एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची) द्वितीय आनंद उरांव (केओ कॉलेज गुमला) और तृतीय स्थान जोश प्रिंस बरवा ( संत जेवियर्स, रांची) को मिला। हाई जंप महिला में प्रथम प्रतिभा कुमारी(एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची) द्वितीय जेनिस टोप्पो( संत जेवियर्स कॉलेज रांची) और तृतीय स्थान अंजली कुमार ( योगदा सत्संग रांची) ने प्राप्त किया। इससे पूर्व डीएसडब्ल्यू डॉ सुरेश कुमार साहू और खेल समन्वयक राजेश कुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल की महत्ता पर प्रकाश डाला। कॉलेज के खेल प्रभारी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि रविवार तक चलने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में शनिवार और रविवार को अन्य कई प्रतिस्पधाएं आयोजित की जायेंगी।



# चलंत लोक अदालत में 130 मामलों का निष्पादन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कचहरी परिसर खूंटी में चलंत लोक अदालत सह न्याय आपके द्वार तथा 100 दिवसीय बच्चों के हित से संबंधित विशेष विधिक जागरूकता और सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि यह न्याय रथ जिले की हर पंचायत तक पहुंच कर आप लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं का वहीं तुरंत निष्पादन कर रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए दूर दराज के लोग काफी संख्या में लोगों ने कानूनी समस्या के निवारण और सलाह लेने के लिए आवेदन दिए। यह कार्यक्रम न्याय आपके द्वार पर आधारित है, जो बिल्कुल निःशुल्क है। डालसा सचिव, पीएलए अध्यक्ष और एलएडीसी चीफ ने चलंत न्यायालय में जमीन जायदाद, पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा से जुड़े अधिकार, महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा, मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा, सरकारी योजनाओं के संबंध में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। लोगों से अपील की गयी कि डालसा द्वारा चलाए जा रहे अभियान न्याय आपके द्वारा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शुक्रवार की चलंत लोक अदालत में 130 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी के राजीव कमल, पीएलए अध्यक्ष केके सिह, सदस्य मधु कुमारी रजक, डालसा पीएलवी अंजू कच्छप, ज्योति भेंगरा आदि उपस्थित थे।

# खलारी में डंपर जला, चालक ने पुलिस को बताया कि शार्ट सर्किट से लगी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के जेहलीटांड़ और विश्रामपुर के बीच ट्रांस्पोर्टिंग सड़क पर आग लगने से एक हाइवा डंपर संख्या जेएच01टी/9938 का आगे का हिस्सा जलकर खाक हो गया। डंपर का केबिन सहित आगे का टायर जल गया। घटना गुरूवार रात करीब डेढ़ बजे की है। डंपर जेपी बीना थर्मल पावर प्लांट के लिए पुरनाडीह से खलारी सीमेंट फैक्ट्री में कोयला ढुलाई कर रहा था। घटना के समय सीमेंट फैक्ट्री में कोयला अनलोड कर खाली वापस लौट रहा था। घटना की सूचना पाकर खलारी थाना पुलिस वहां पहुंची और पूरी जानकारी ली।



खलारी थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम ने बताया कि डंपर चालक विश्वनाथ महतो ने पुलिस को बताया कि शार्ट सर्किट लगने से डंपर में आग लग गई। पुलिस को दिए लिखित रिपोर्ट में भी यही बात कही गयी है। सुबह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी, जवान घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी लिए।

**आमलोगों में चर्चा, हथियारबंद लोगों द्वारा आग लगाई गयी है :** इधर घटना को लेकर थाने में दी गई सूचना और आम लोगों में हो रही चर्चा में विरोधाभास है। सूत्रों के हवाले से कहा गया कि आग स्वतः नहीं लगी, बल्कि 10-12 की संख्या में आए हथियारबंद लोगों द्वारा लगायी गयी है। आग लगाने वालों ने जाते जाते दो फायरिंग भी किया। ड्राइवर व डंपर मालिक डरे हुए हैं इसलिए शार्ट सर्किट से आग लगने की बात पुलिस को बता रहे हैं। हालांकि घटना स्थल से किसी तरह का न तो पर्चा मिला है न ही कोई खाली खोखा मिला है। किसी संगठन ने भी अभी तक जिम्मेवारी भी नहीं ली है।

# केंद्र की विकास योजनाओं को लटका रही है झारखंड सरकार : मनोज कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सांसद अर्जुन मुंडा के जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि एक ओर झारखंड सरकार द्वारा शुक्रवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम में खूंटी आये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनजातीय बहुल खूंटी जिले के विकास की बात कर रहे थे, वहीं दूसरी केंद्र सरकार द्वारा जनजातियों के उत्थान के लिए पूरी राशि दिये जाने के बाद भी योजनाएं समय पर पूरा रही हो रही हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा के प्रयास से झारखंड के जनजातीय समाज के उत्थान के लिए संविधान की धारा 275(1) के अंतर्गत भेजी जा रही कई योजनाओं को झारखंड सरकार ने रोक दिया है। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में 275 (1) मद से लगभग 7.5 करोड़ की लागत बनने वाले कला और संस्कृति केंद्र और लगभग नौ करोड़ रु की राशि से बन रहे बिरसा मुंडा केंद्रीय पुस्तकालय और बहुद्देश्यीय अनुशंधान केंद्र की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के पश्चात भी कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। इस प्रकार महत्वपूर्ण योजनाओं को लटका कर खुद को आदिवासी की सरकार कहने वाले हेमंत सरकार सिर्फ जनजातियों समुदाय को ठगने का काम कर रही है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत पूरे खूंटी जिले में जनजातीय बहुल लगभग 254 गांवों को चिह्नित कर प्रत्येक गांव के संपूर्ण विकास को केंद्रित कर योजना चलाई जा रही है। वही दूरसे तरफ झारखंड सरकार द्वारा उन सभी विकास योजना के गाइडलाइंस को नजरअंदाज करते हुए योजनाओं को टेंडर के माध्यम से कराने का कार्य हेमंत सरकार द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन के अंतर्गत बन रही हर घर जल योजना की ओर नजर दौड़ाई जाए, तो हेमंत सरकार के चार वर्ष पूर्ण हो जाने के पश्चात भी नल से जल को लेकर ग्रामीण अभी भी तरस रहे है।

## जशपुरिया बीएड कॉलेज में सरदार पटेल की 73वीं पुण्यतिथि मनायी गयी




**रांची (आजाद सिपाही)।** जशपुरिया बीएड कॉलेज में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 73वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इसमें सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया और कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के द्वारा किये गये अच्छे कार्यों के लिए देश में उन्हें हमेशा याद रखा जायेगा। मौके पर प्राध्यापक सजीव कुमार, हर्ष राज, विभा कुमारी, उषा मिंज, शशिप्रभा, महफूज अंसारी उपस्थित थे।

# 66वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह की हुई शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया में 66 वा वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत की गयी। महाप्रबंधक संजय कुमार के द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में झंडोतोलन कर इसकी शुरूआत की गयी। जिसके बाद उपस्थित अधिकारी और कर्मचारीयों को महाप्रबंधक संजय कुमार ने सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि कोयला खदानों में हर साल खान सुरक्षा सप्ताह मनाने का जो कार्यक्रम खान सुरक्षा महानिदेशालय के निर्देश पर किया जाता हैं, वह काफी सराहनीय है। सुरक्षा जीवन का मूल मंत्र कि, जिसे सभी लोगों को अपनाने की जरूरत है। महाप्रबंधक ने कहा कि लोगों में जागरूकता देखी जा रही है जिसका नतीजा है कि खान में होने वाली दुर्घटनाओं में काफी कमी हुई है। एनके एरिया में पिछले दो वर्षों से किसी भी तरह की खान दुर्घटना नहीं होने पर खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय यहां के अधिकारी और कर्मचारीयों को दिया। इस मौके पर महाप्रबंधक संचालन के के झा, सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, कार्मिक अधिकारी नवनीत शेखर, आलोक जोजोवार, सुजय चटर्जी, मिथिलेश कुमार, लोकनाथ राणा, सुजीत रंजन, प्रहलाद मीणा, यूनियन प्रतिनिधियों में मनोज कुमार रजक, प्रेम कुमार, गोल्डन प्रसाद यादव, अमर भूषण सिंह, विनय सिंह मानकी, ध्वजा राम धोबी, गोविंद चंद्र महतो, डीपी सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 16 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## बेड़ो में जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



बेड़ो (आजाद सिपाही) । बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय के परिसर में शुक्रवार को सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय पंचायत की मुखिया सुशांति भगत व पंसस विजय उरांव ने गांव के 100 गरीब, बुजुर्ग, विधवा, असहाय व जरूरतमंदों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ठंड से बचाव के लिए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। प्रतिनिधियों ने बुजुर्गो से उनके समस्या भी सुने। उन्होने उनके समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। वही कंबल पाकर ग्रामीण में काफी खुशी है।

## चार दिवसीय एफएनएल प्रशिक्षण का समापन




लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग बीआरसी सभागार में शुक्रवार को चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में चालीस शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग दिया। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को प्रशिक्षण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि तीन से आठ वर्ष आयु वाले बच्चों को भाषा एवं आरंभिक स्तर पर गणित, अंग्रेजी स्मरण को मजबूती प्रदान करने हेतु दो प्रकार के तौर तरीके मॉडल गतिविधि से परिचित कराया गया। 40 -40 शिक्षकों का बेच चार दिवसिय प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह चौथा बेच सम्पन्न है। मौके पर प्रशिक्षक उदय कुमार, जितेन्द्र राणा, धनेश्वर राय , अजय कुमार सिंह, ने कराया इस मौके पर बीपीओ लीलावती तिर्की, सितम्बर राय , हेमचंद्र साहु, कलावती देवी, अरसेन होरो सुनीता कुमारी, लच्छु समेत कई शिक्षक शिक्षिकाए मौजूद रहें।

## विद्यार्थियों ने किया हिंडाल्को का इंडस्ट्रियल विजिट



नामकुम (आजाद सिपाही)। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के 7वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने इंडस्ट्रियल विजिट के तहत मुरी स्थित अल्युम्युनियम संयन्त्र हिंडालको का भ्रमण किया। इस दौरान कंपनी के विशेषज्ञयों ने विद्यार्थियों को कोल हैंडलिंग प्लांट, टू जनरेशन यूनिट, अल्युमीनियम रिफाइंरी आदि के क्रिया कलापो की तकनिकी जानकारी दी। मौके पर हिंडौलको के एच. आर अंकुर अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। विद्यार्थियों के दल के साथ संस्थान के शिक्षक डॉ नैयर मुमताज, डॉ विकास चंद्र साहा, प्रो स्वेता सोनाली धॉल, प्रो रवि शंकर सिंह आदि शामिल थे।

## पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के तत्वावधान में अनगड़ा प्रखंड के नवागढ़ पंचायत में पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने किया। उद्घाटन मैच नवागढ़ और बरवाटोली के बीच खेला गया, जिसमें बरवाटोली की टीम ने 1-0 से विजय हासिल की। इसे पहले मुख्य अतिथि पारसनाथ उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत किए। इस अवसर पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किया गया। मौके पर पारसनाथ उराँव ने कहा कि आजसू पार्टी गांव स्तर पर युवाओं की छुपी प्रतिभा को निखारने का काम करती है, यही आजसू पार्टी का संकल्प है। मौके पर झारखंड आंदोलनकरी जलनाथ चौधरी, नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया, पहलू, जगदीश, विजय आदि शमिल थे।

## भाजपा के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, संगठन की मजबूती पर चर्चा



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। भाजपा खिजरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्णकालिक विस्तारकों की एक बैठक गोंदलीपोखर में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चैधरी के आवास पर हुई। बैठक में संगठन की मजबुती और विस्तार को लेकर गहन चर्चा की गई। मौके पर मनोज कुमार चैधरी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। बूथ व मंडल स्तरीय कार्यकताओं के सहारे पर हीं चुनाव जीता जा सकता है। कार्यकर्ता अभी से हीं लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुट जायें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराने को कहा। परिचात्मक संगठन के मानकी राजेन्द्र शाही, पूर्णकालिक धनंजय पाण्डेय आदि ने भी बूथ स्तर पर शक्ति केन्द्र और पन्ना प्रमुख को और अधिक सशक्त बनाने की बात कही। मौके पर मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, सुनील महतो, राजेंद्र महतो, अशोक मुंडा, उमेश कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

## वरिष्ठ आजसू नेता विरेंद्र सिंह भोगता को केंद्रीय कमेटी में दी गयी जगह



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। आजसू के केन्द्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने अनगड़ा के समर्पित आजसू कार्यकर्ता विरेन्द्र सिंह भोगता को केन्द्रीय सदस्य बनाया है। बताया गया कि सुदेश महतो के दिशा-निर्देश पर पूरे झारखंड में 130 लोगों को केन्द्रीय सदस्य बनाया गया है जिसमें अनगड़ा के वरिष्ठ आजसू नेता विरेन्द्र सिंह भोगता को भी जगह दी गई है। मालुम हो कि विरेन्द्र सिंह भोगता आजसू के समर्पित, जुझारू और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता माने जाते हैं। इन्होंनें अनगड़ा प्रखण्ड क्षेत्र में आजसू संगठन को सींचने का काम किया है। छात्र जीवन में झारखण्ड अलग राज्य के आंदोलन में भी इन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। इधर विरेंद्र सिंह भोगता को केन्द्रीय सदस्य बनाए जाने पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, केन्द्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, सांसद चंद्रप्रकाश चैधरी, विधायक लंबोदर महतो, सुनिता चैधरी, पूर्व विधायक रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक, रोशनलाल चैधरी, राजेन्द्र शाही मुंडा आदि ने बधाई दी है।

# दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा : सन्नी टोप्पो

**लापुंग के बोक रोंदा में हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को लापुंग प्रखंड के बोकरोंदा पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। आयोजन के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा केंद्र सरकार समाज के दुर्गम क्षेत्रों में भी योजनाओं को पहुंचा रही है। केंद्र सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए योजनाओं को बनाती है। उन योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके और वंचितों को उन योजनाओं से जोड़ा जा सके, उसके लिए पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये जिससे देश विकसित होने की राह पर है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गयी है। इस दौरान उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही ग्रामीणों का मनोबल बढ़ाया और सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर मौके पर बीडीओ एनामुल जयविरस लकड़ा मुखिया सरोज मुंडा, उपप्रमुख विश्वनाथ मुंडा जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।


विकसित भारत संकल्प यात्रा को स्क्रीन पर ग्रामीणों के साथ देखते सन्नी टोप्पो।

## उषा मार्टिन के कामगारों की सेवा शर्तों में हो सुधार

# पूर्व के सेटलमेंट व्यवस्था को लागू किया जाये : रामकुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने उषा मार्टिन फैक्टरी टाटीसिलवे के स्थायी और अस्थायी कामगारों के सेवा शर्तों में सुधार करते हुए पूर्व के सेटलमेंट व्यवस्था को लागू करने की मांग श्रम नियोजन मंत्री झारखंड सरकार से की है। मांगों को लेकर पूर्व विधायक रामकुमार पहान नें गत दिनों श्रम आयुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से उषा मार्टिन में स्थायी मजदूरों का सेटलमेंट में कम से कम वेतनमान 40 हजार रूपया से अधिक करने, पहले की सेटलमेंट व्यवस्था के अनुसार 20 वर्षों से कार्यरत मजदूरों के एक बेटा या दामाद को स्थायी नौकरी में बहाल करने, कारखाना के अंदर या बाहर कार्यरत मजदूरों की आकस्मिक मृत्यू होने की स्थिति में उसके आश्रित परिवार के एक सदस्य को सीधी नियुक्ति देने, कारखाना में कार्यरत अस्थायी मजदूरों को समान कार्य के लिए समान वेतन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने, ठेका मजदूरों को कम से कम 20 हजार रूपया प्रतिमाह वेतन देने आदि मांगें शामिल है। उन्होंने मजदूरों के हित में उक्त मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।



## रेलिंग से टकरायी बाइक, युवक घायल

सिकिदिरी ( आजाद सिपाही)। सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सिकिदिरी-ओरमांझी पथ पर खालसा गॉव के समीप रेलिंग से बाइक टकराने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक छोटू भोगता बोकारो जिले का पेटरवार थाना अंतर्गत रंगामाटी गांव का रहने वाला है। घटना शुक्रवार की शाम साढ़े पांच बजे की है। इस घटना में युवक छोटू भोगता का दायां पैर टूट गया तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आयी है। पुलिस ने युवक को स्थानीय लोगों की सहायता से अस्पताल भेजा। घटना की सूचना स्वजनों को दे दी गयी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छोटू अपने ससुराल सिकिदिरी थाना क्षेत्र के बुटगोड़ा गांव से बाइक संख्या जेएच-24 के9917 में सवार होकर ओरमांझी की ओर जा रहा था। इसी दौरान तीखा मोड़ होने के कारण बाइक असंतुलित होकर रेलिंग से जा टकरायी। बताया जाता है कि युवक अत्यधिक शराब के नशे में था।

# लोकहित अधिकार पार्टी को मिला रजिस्ट्रेशन नंबर, जश्न का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** लोकहित अधिकार पार्टी को देश स्तरीय राजनीतिक पार्टी के रूप में रजिस्ट्रेशन नंबर मिलने की खुशी में रांची लोकसभा अंतर्गत दानवीर भामाशाह नगर कांके होचर पंचायत सचिवालय मैदान पर ग्रामवासियों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी के पदाधिकारीयों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर केक काटकर जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू , प्रदेश उपाध्यक्ष सह राँची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू समेत कई गांव के लोगों ने होचर ग्रामवासियों के साथ बैठक किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि शोषित उपेक्षित आम जनता की अपेक्षा को पुरा करने के लिए ही लोकहित अधिकार पार्टी का गठन किया गया है, जिसे चुनाव आयोग दिल्ली के द्वारा रजिस्ट्रेशन नंबर भी दे दिया गया है। श्री साहू ने कहा समता मूलक संविधान के अनुरूप सामाजिक न्याय हेतु देश स्तरीय सभी के लिए निःशुल्क शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था लागू कराना और जाति जनगणना कराकर जनसंख्या के अनुपात में सभी वर्गों का राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित कराना हमारी पार्टी की प्राथमिकता और समय की मांग है।

जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद ने बैठक में उपस्थित लोगों से आगामी 22 दिसंबर 2023 पूर्वाहन 11 बजे से गोकुल पैलेस मैरिज हॉल अरसंडे कांके में आयोजित सामाजिक न्याय यात्रा का भव्य समापन समारोह में अधिक से अधिक लोगों को अपने साथ शामिल कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।




## महिलाओं के बीच प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के बैनर तले जेएसपीएल के तत्वधान में शुक्रवार को नगड़ी प्रखंड स्थित केसारो फुटबॉल मैदान में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के महिलाओं के बीच में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य श्रीमति पूनम देवी ने फुटबॉल पर किक मारकर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेंडर समन्वयक दीदियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मौके पर समन्वयक समीर गुप्ता,सुनील उरांव, हनीफ अंसारी, सबिता कुमारी, अनिता देवी, प्रदीप पाठक, अवधेस कुमार, रवि कुमार प्रजापति, बिना देवी, मीना देवी, रितु गाड़ी, बिलासी तिर्की, जानकी देवी, सुषमा देवी, बेबी टोप्पो इत्यादि मौजूद थे।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को वाइबीएन यूनिवर्सिटी नामकुम के सभागार में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सुशांत गौरव, डायरेक्टर स्पोर्ट्स, झारखण्ड सरकार, विशिष्ट अतिथि वाईबीएन यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर रामजी यादव, कुलपति डॉ एन के गुप्ता तथा राज्य निदेशक नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखंड हनी सिन्हा रहे। मंच संचालन डीएसडब्ल्यू डॉ अर्पणा शर्मा ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत नेहरु युवा केंद्र रांची के उपनिदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह तथा कार्यक्रम सहायक गौरव चुघ तथा वाईबीएन यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम समन्वयक कौशल किशोर द्वारा अंगवत्र, मोमेंटो तथा पौधा देकर किया गयाक कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत एवं कला एवं संस्कृति विभाग झारखंड के मनपूरन नायक और दल रांची के द्वारा किया गया। तत्पश्चात वाईबीएन यूनिवर्सिटी के छात्र छात्राओं द्वारा नागपुरी नृत्य पर कश्मीरी युवाओ के सम्मान में प्रस्तुति दी गयी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सुशांत गौरव द्वारा कश्मीरी युवाओ के साथ परिसंवाद के माध्यम से कश्मीरी युवाओ के प्रश्नों के उत्तर के साथ झारखंड के सम्रद्द विरासत, विकास एवं शांति के लिए सतत प्रयास, युवाओं को आव्हान किया कि सकारात्मक सोच के साथ अपने परंपरागत नजरिये को बदलाव लाने की आवश्यकता है। किसी भी पुराने धारणाओं को बदलने में कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम एक सार्थक पहल है। जिसके माध्यम से गृह मंत्रालय,भारत सरकार के सहयोग से नेहरु युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा इस तरह के आयोजनों से निश्चय ही झारखंड एवं कश्मीर के लोगों की एक आपसी समाज विकसित होगी तथा दोनों राज्य के युवा अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करते हुए प्रदेश और राष्ट्र की तरक्की में भागीदार बनेंगे। अतिथियों का आभार वाईबीएन यूनिवर्सिटी के कुलपति एन.के गुप्ता यादव द्वारा किया गया।



## साईं अल्ट्रासाउंड एंड हेल्पकेयर सेंटर का उद्घाटन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के थाना के सामने सांई अल्ट्रासाउंड एंड हेल्पकेयर सेंटर का भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने खस अल्ट्रासाउंड सेंटर खुलने से क्षेत्र में मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने की परेशानी से निजात मिलेगी। साथ ही रोगों का निदान भी सही तरीके से होगा। वहीं संचालक जयशंकर व रितु ने कहा कि क्षेत्र लोगों को कम फीस में बेहतर सेवा दी जायेगी। इधर अल्ट्रासाउंड खुलने से क्षेत्र के लोगों में खुशी है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय डॉ मेघा भगत डॉ जेपी शर्मा, पंकज शर्मा, प्रमोद शर्मा, रितु ज्योति सहित कई लोग मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन



रातू (आजाद सिपाही)। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के फुटकलटोली पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ हरिशंकर बारीक ने सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुये ग्रामीणों से इसका लाभ लेने की अपील की। पंचायत सचिवालय में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से कुल 2590 आवेदन दिया गया। जिसमें सिर्फ अबुआ आवास के लिए 11 आवेदन दिया गया। वहीं शिविर में ही 14 सौ आवेदनो का त्वरित कार्रवाई करते हुये निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ हरिशंकर बारीक के अलावा प्रमुख संगीता देवी, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, बीएसओ अभिषेख कुमार, पंचायत सेवक मनोज कुमार, सीआई संतोष उरांव, झामुमो के बेलाल अंसारी, मुखिया प्रभा तिर्की, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## पारसनाथ उरांव को आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी की मजबूती को लेकर आजसू पार्टी केन्द्रीय कमिटी का एक आवशयक बैठक सुप्रीमों सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के अध्यक्षता में की गयी। बैठक में केंद्रीय कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें पार्टी की मजबूती को लेकर हमेशा सक्रिय रहने वाले युवा नेता सह खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे पारसनाथ उरांव को सर्वसम्मति से आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव बनाया गया है। इनके केंद्रीय सचिव बनाये जाने से पार्टी मजबुत और शसक्त बनेगी। बधाई देने वोलों में जलनाथ चौधरी, प्रकश लकड़ा, विरेन्द्र सिंह भोगता, राजेंद्र शाही मुंडा, भुवनेशवर बेदिया, जगदीश भोगता, जयशंकर पहान, जीतेन्द्र सिंह, जगरनाथ महतो, अतिश महतो आदि सामिल हैं।

## राज्य के दबे-कुचले ग्रामीणों की सेवा ही पार्टी का संपूर्ण लक्ष्य है : प्रकाश लकड़ा



नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हरदाग पंचायत में शुक्रवार को आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पंचायत प्रभारी मधू सिंह बिजिंया ने की। बैठक को संबोधित करते हुये आजसू पार्टी रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कहा कि आजसू पार्टी माटी की पार्टी है। ये राज्य स्वाभाविक नहीं आंदोलन का उपज है। राज्य के दबे कुचले ग्रामीणों का सेवा हीं पार्टी का संपूर्ण लक्ष्य है। कहा कि अगर आजसू पार्टी की सरकार झारखंड में बनेगी तो निश्चित रूप से आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में पूरे झारखंड राज्य का सवार्गीण विकास होगा। बैठक में मुख्य रूप से महिला नेत्री केंद्रीय सचिव फुलकुमारी देवी, खिजरी विधान सभा प्रभारी जितेंद्र सिंह, कुदरत शेख, राजू उरांव, दीपा देवी, मनबोध संगा, सुनीता बाड़ा, मुनिया नाग, डुभन देवी आदि उपस्थित थे।

## बिचौलिये के झांसे में ना आयें लोग : आशुतोष




चान्हो/मांडर (आजाद सिपाही)। चान्हो प्रखंड के चोरेया पंचायत स्थित बाजार टांड के पास स्थित मैदान में शुक्रवार को प्रमुख होलिका देवी की अध्यक्षता में और मांडर प्रखंड के झिंझरी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार और जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी उपस्थित रहे। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए और परिसंपतियों का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के कुल 2353 आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें 1553 आवेदनों का त्वरित निपटान किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लें। मौके पर अंचल निरीक्षक पूर्णिमा मिंज, राजेंद्र मुंडा, अनिल साहु, विजय सोनी, आबिद खान, सुरेन्द्र, रमेश, जयप्रकाश, मो इम्तियाज, गुंजन, तनवीर सहित अन्य मौजूद थे।

## हत्या के तीन आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

मांडर (आजाद सिपाही)। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह टटकुंदो निवासी तीन लोगों सोमरा उरांव, जीतपहान उरांव व सोनू उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन लोगो के ऊपर टटकुंदो गांव में छेड़छाड़ के प्रयास के आरोपी झिंझरी निवासी सैंतीस वर्षीय डेविड मिंज की हत्या करने का मामल को लेकर डेविड की पत्नी द्वारा थाने में आवेदन दिया गया था। घटना गुरुवार देर शाम की है। बताया जाता है डेविड के ऊपर एक मंदबुद्धि लड़की के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया गया था। मंदबुद्धि लड़की को उसके परिजन घर में अकेला छोड़कर काम करने गये थे। शाम को जब वे वापस लौटे तो लड़की घर में नहीं मिली। जब डेविड से इस विषय पर पूछा गया तो वह सीधे मुकर गया। लेकिन जब उससे सख्ती की गयी तो उससे मिली जानकारी के आधार पर लड़की को शाम करीब छह बजे गांव के निकट ही स्थित पतरा से बरामद कर लिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने डेविड मिंज को लाठी डंडे से मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलते ही मांडर पुलिस डेविड को घायलावस्था में गांव से लेकर मांडर रेफरल पहुंची जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में ही इलाज के क्रम में रात लगभग ग्यारह बजे उसकी मौत हो गयी।

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ डीडीसी रवि आनंद ने किक मारकर किया



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक और बालिका) प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारंभ शुक्रवार को सहोदय उच्च विद्यालय शाहपुर, मेदिनीनगर के खेल मैदान में किया गया। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने फुटबॉल को किक कर जिला स्तरीय टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर डीडीसी ने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजय हासिल कर अपने और जिले का नाम रोशन करें। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका प्रदान करना है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अपने अच्छे खेल भावना का भी परिचय देने की बात कही। जिला स्तर पर विजयी टीम जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगी। आज के बालक वर्ग में पहला मैच मेदिनीनगर और हैदरनगर के बीच खेला गया, जिसमें मेदिनीनगर की टीम 0-1 से विजयी रही। इसी तरह दूसरा मुकाबला पांकी और पड़वा के बीच खेला गया जिसमें पांकी की टीम 0-1 से विजयी रही। वहीं तीसरा मुकाबला मेदिनीनगर और हरिहरगंज के बीच खेला गया जिसमें मेदिनीनगर की टीम 0-1 से विजयी रही। चौथा मुकाबला नावाबाजार और पाटन के बीच खेला गया जिसमें पाटन की टीम 1-2 से विजयी रही। इसी क्रम दूसरा मैच रामगढ़ और मेदिनीनगर के बीच खेला गया। जिसमें रामगढ़ की टीम 2-1 से विजयी रही। इसी क्रम में तीसरा मैच तरहसी एवं लेस्लीगंज के बीच खेला गया जिसमें लेस्लीगंज की टीम 0-1 से विजयी रही। आगामी 17 दिसंबर को बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला रामगढ बनाम लेस्लीगंज के बीच खेला जायेगा। मौके पर डीडीसी रवि आंनद के अलावे, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 10 से 15 फरवरी को पलामू आयेंगे बागेश्वर सरकार

# हिंदुओं की भावनाओं से नहीं खेले सरकार : अरुणा शंकर

**18 दिसंबर को माननीय उच्च न्यायालय में पुनः सुनवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने बताया कि बागेश्वर बाबा (धीरेंद्र शास्त्री जी) का कार्यक्रम जो 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक मेदिनीनगर के खंनवा नदी के तट पर होना तय था जिसकी अनुमति मेदिनीनगर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा हनुमंत कथा समिति को प्राप्त थी। जिसे अचानक उपायुक्त पलामू द्वारा नदी में पॉल्यूशन होने की संभावना को बताते हुए स्थगित कर दिया गया। अब पुनः समिति ने बागेश्वर धाम से धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के आने की दूसरी तिथि 10 से 15 फरवरी 2024 के बीच नदी तट से दूर निजी भूमि पर गढ़वा डाल्टनगंज के बीच चैनपुर प्रखंड के औरनार गांव में कराने की अनुमति धाम से प्राप्त कर लिया है। प्रथम महापौर ने बताया जिला प्रशासन द्वारा अब तक अनुमति नहीं मिलने के कारण हमारी समिति उच्च न्यायालय के शरण में गयी है। जिसकी सुनवाई आज 15 दिसंबर को करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने पुनः 18 तारीख को सुनवाइ पर रखा है। प्रथम महापौर ने कहा कि बागेश्वर बाबा के काफी अनुयाइ हैं। लाखों लोगों की आस्था उनसे जुड़ी है यह हम पलामू वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। परम पूज्य धीरेंद्र शास्त्री जी झारखंड में पहली बार पलामू आने की अपने स्वीकृति प्रदान की है। मैं सरकार से भी अनुरोध करूंगी कि हम हिंदुओं की आस्था का सम्मान करते हुए धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा को झारखंड में आने दि जाए। कार्यक्रम को रोक कर हिंदुओं की भावनाओं से ना खेले सरकार।

## ठंड के मद्देनजर प्रशासन ने की अलाव की व्यवस्था



**उपायुक्त के निर्देश पर पूरे जिले के चौक-चौराहा और प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था लोगों को राहत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बढ़ती ठंड के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से अलावा की व्यवस्था की गयी है। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिले के सभी अंचल क्षेत्र और नगर निगम, नगर निकाय क्षेत्र के चौक-चौराहों और प्रमुख स्थलों पर गुरुवार की शाम से अलाव की व्यवस्था की गयी है। साथ ही मेदिनीराय नगर निगम क्षेत्र और नगर परिषद क्षेत्र के शहरी क्षेत्र के चौक-चौराहों और प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है।

उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों को ठंड से बचाव को लेकर सतर्क रहने, गर्म वस्त्र पहनने की सलाह दी है। इधर, ठंड के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से हरेक जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को उनके क्षेत्र अंतर्गत अलाव की व्यवस्था करने को लेकर निर्देशित किया था।

## जन भागीदारी ही मंत्र है जिससे बड़े से बड़े संकल्प किये जा सकते हैं : संजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना के तहत मिला गैस सिलेंडर और चुल्हा। चास प्रखंड के नरकेरा पंचायत अंतर्गत शिवपुरी में केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित ग्रामीण और लाभार्थियों को संबोधित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए संजय त्यागी ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा एक महत्वकांक्षी पहल के रूप में उभरी है। इस यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास के दृष्टिकोण और सरकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह यात्रा 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने और नागरिकों को सशक्त करने कि दिशा में जागरूक कर रही है। नारकरा पंचायत वासियो ने अगले 25 वर्षों में 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की सराहना कि साथ ही कहां कि जन भागीदारी ही मंत्र है जिससे बड़े से बड़े संकल्प भी पूरे किये जा सकते हैं। चाहे डिजिटल इंडिया हो, वोकल फॉर लोकल हो या स्वच्छ भारत अभियान के दुरगामी लक्ष्य लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। नरकेरा पंचायत अंतर्गत शिवपुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बातचीत में एक लाभार्थी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारतके प्रति संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में नरकेरा पंचायत के मुखिया बबिता देवी, पंचायत समिति रीना एक्का, भाजपा बालीडीह मंडल अध्यक्ष पीयूष आचार्य, कृषि विभाग के डॉ अनिल कुमार, सविता देवी बैधनाथ केवट, जेपी गांधी, जास्मि मुर्मू, पूनम देवी आदि उपस्थित थे।

## स्नूकर और पुल चैंपियनशिप का उद्घाटन यश ने किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पांच दिवसीय (15 दिसंबर -19 दिसंबर) 16 वां स्नूकर और पुल चैंपियनशिप बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में प्रतियोगिता का उद्घाटन स्टेट स्नूकर चैंपियन यश किंगर ने किया। इस बार के इवेंट - मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर 6 रेड्स, 9 बॉल्स और पूल है।विजेताओं और उप विजेताओं को कैश, ट्रॉफी और क्लब का मेंबरशिप दिया जायेगा। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ मोहम्मद जाकिर, इंद्रजीत, टीपू, इरफान, मोहित चौधरी, अंकित कुमार, विशाल (मेजर), सुमित, यश दास, आयुष राज, सुमित, मनसब अहमद, रिग, एजाज, प्रतीक लाल सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

### समता स्कूल जपला का स्थापना दिवस मना

## छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही उद्देश्य : अक्षय

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के शिव शक्ति नगर स्थित समता स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिसंबर दिन शुक्रवार को स्कूल के प्रांगण में प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ने अपनी धर्म पत्नी शीला चौहान के साथ और सैकड़ो छात्र -छात्राएं की उपस्थिति में पूजा पाठ और हवन यज्ञ किया गया। पूजा पाठ गायत्री परिवार के आचार्य अशोक जी के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारे विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बिद्यालय परिवार के सामंजस्य बनाकर बेहतर शिक्षा देने में सहभागी बनने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष विनोद चौधरी, सचिव संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु सिंह, विनोद सिंह, अनुज सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राहुल चौहान, बेबी शेख, विकास, दशरथ, कार्तिक, सलोनी, शिल्पा, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद, अर्जुन कुमार, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे और परिचारिका जनक दुलारी देवी समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बच्चों के बीच गर्म कपड़ों का हुआ वितरण



मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित निः शुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला में लगातार मेदिनीनगर शहर के आदरणीय नागरिकों के सहयोग से बच्चों के बीच सभी प्रकार के कपड़ों का वितरण होता चला आया है। लेकिन बहुत ही सौभाग्य से समाज सेवा की भावना से ओत-प्रोत एक परिवार ने इस ठंड के मौसम में बच्चों की पसंद से उन्हें स्वेटर प्रदान किया है और दोना-पत्तल दातून बेचने वालों तथा अस्पताल में अपने मरीजों को लेकर आने वाले व्यक्ति के पास ओढ़ने के लिए एक गमछी या चादर के अलावा कुछ नहीं होता उनसबों के लिए उन्होंने कंबल भी प्रदान किया है। आरती श्रीवास्तव का भी आभारी है संस्था जिनके सहयोग से बच्चों के बीच में हमेशा चना गुड़ और फलों का वितरण होते ही रहता है। लेकिन अभी जिनका सहयोग मिला है उससे पूरी टीम उत्साहित है क्योंकि अब संस्था और भी अच्छे ढंग से जरूरतमंदों की सेवा कर पायेगी। बच्चे नये स्वेटर में काफी खुश नजर आए। देने वाले परिवारों में हमेशा सुख समृद्धि बना रहे। निः स्वार्थ सेवा करने वाली समृद्धि टीम पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहे।

## शिविर में संचालित हो रही योजनाओं का लाभ ले रहे हैं ग्रामीण : विजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पितांबरपुर।** प्रखंड के कुंदरी पंचायत के राजकीय कृत मध्य विद्यालय कुंदरी के मैदान में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी करकेटा, जिला परिषद सदस्य विजय राम, बीस सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, पंचायत के मुखिया नीरा देवी, मुखिया पति सह समाजसेवी जितेंद्र शुक्ला और पंचायत समिति बिंदिया देवी के द्वारा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। शिविर में सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 20 लाभुक, 20 आईडी, 10 जॉब कार्ड, 130 कंबल का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। कल्याण विभाग द्वारा पंचायत के 15 छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड बीपीओ मनरेगा रविकांत सिंह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंचायत सेवक रोजगार सेवक सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### हुसैनाबाद में मनायी गयी सरदार पटेल की 73वी पुण्यतिथि


## आजादी के महानायक थे सरदार पटेल : राजू

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** शहर पटेल नगर स्थित लगी प्रतिमा के समक्ष देश के प्रथम गृहमंत्री और भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 73वी पूण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर हुसैनाबाद उत्तरी जीप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि सरदार पटेल भारत के आजादी के महानायक थे जिनके नेतृत्व क्षमता के कारण देश विभिन्न रियासतों से कट कर एक अखंड भारत का निर्माण किया गया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने उन्हें श्रद्धांजल देते हुए कहा कि सरदार पटेल दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट प्रतिबद्धता वाले नेता थे। जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। हम समृद्ध भारत के उनके सपने को साकार करने के लिए उनके कार्यों और जीवन से प्रेरणा लेते हैं। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्षा बहन उषा देवी, राजद नेता जाकिर अली उर्फ राज अली, पत्रकार गौतम पटेल, सूर्यनाथ पासवान, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, सुबोध कश्यप, जनक पासवान, इम्तेयाज आलम, इजहार अंसारी, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान, असगर खान, प्रवीण पटेल, धीरेंद्र पटेल, शशि कान्त पटेल, चन्दन पटेल, आदि दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## स्पोर्ट्स



विमेंस टेस्ट में भारत को 478 रन की बढ़तः दूसरे दिन गिरे 19 विकेट, इंग्लैंड 136 पर ऑलआउट; भारत से दीप्ति शर्मा ने महज 7 रन देकर 5 विकेट लिए और स्नेह राणा को 2 सफलताएं मिलीं



# वीमेंस टेस्ट में भारत को 478 रन की बढ़त

### दूसरे दिन गिरे 19 विकेट, इंग्लैंड 136 पर ऑलआउट; दीप्ति शर्मा को 5 विकेट

एजेंसी

**मुंबई।** भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई में खेले जा रहे एकमात्र विमेंस टेस्ट में टीम इंडिया ने मजबूत पकड़ बना ली है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम की बढ़त 478 रन की हो चुकी है। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में महज 136 रन बना सकी। भारत से दीप्ति शर्मा ने महज 7 रन देकर 5 विकेट झटके। दूसरे दिन के खेल में कुल 19 विकेट गिरे। इनमें इंग्लैंड के 10 और भारत के 9 विकेट शामिल रहे।

दूसरे ही दिन इंडिया विमेंस अपनी पहली पारी में 428 रन बनाकर ऑलआउट हुई। दूसरी पारी में भारत ने 6 विकेट पर 186 रन बना लिए। कप्तान हरमनप्रीत कौर और पूजा वस्त्राकर नॉटआउट हैं, दोनों तीसरे दिन भारत की पारी आगे बढ़ाएंगी। 4-दिवसीय टेस्ट में तीसरे दिन का खेल शनिवार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।

**दूसरे दिन 18 रन ही जोड़ सकी टीम इंडियाः** मुंबई के डीवाई पाटील स्टेडियम में भारत ने दूसरे दिन पहली पारी में 410/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम 18 ही रन जोड़कर 428 रन पर ऑलआउट हो गयी। इंग्लैंड से लौरेन बेल और सोफी एक्लेस्टन को 3-3 विकेट मिले। कैट क्रॉस, नैट सिवर-ब्रंट और चार्ली डीन को 1-1 सफलता मिली, जबकि एक बैटर रन आउट हुईं।

भारत से डेब्यूटांट शुभा सतीश ने 69 और जेमिमा रोड्रिग्ज ने 68 रन बनाए। यस्तिका भाटिया 66 और दीप्ति शर्मा 67 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि हरमनप्रीत कौर ने 49 और स्नेह राणा ने 30 रन की पारी खेली। शुभा सतीश ने भारत के लिए पहली पारी में सबसे ज्यादा 69 रन बनाए।

**इंग्लैंड 136 पर ढेर, सिवर-ब्रंट की फिफ्टीः** दूसरे दिन इंग्लैंड ने अपनी पारी शुरू की लेकिन उनकी शुरूआत खराब रही। टीम ने 28 रन पर ही सोफिया डंकली और कप्तान हीथ नाइट के विकेट गंवा दिए। दोनों 11-11 रन ही बना सकीं। नंबर-4 पर उतरीं नैट सिवर-ब्रंट ने 59 रन की पारी खेली, लेकिन उनके सामने टैमी ब्यूमोंट 10, डेनिले व्याट 11, एमी जोन्स 12, कैट क्रॉस 1 और लौरेन फिलर 5 रन ही बना सकीं।

**दीप्ति शर्मा ने झटके 5 विकेट :** इंग्लैंड से सोफी एक्लेस्टन, चार्ली डीन और लौरेन बेल तो खाता भी नहीं खोल सकीं। भारत से दीप्ति शर्मा ने महज 7 रन देकर 5 विकेट लिए। स्नेह राणा को 2 सफलताएं मिलीं, जबकि रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर के हाथ भी एक-एक सफलता लगी। एक बैटर रनआउट भी हुईं।

**दूसरी पारी में भारत ने गंवायें 6 विकेटः** दूसरे ही दिन भारत ने भी अपनी दूसरी पारी शुरू कर दी। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 61 रन की पार्टनरशिप की। मंधाना 26 और शेफाली 33 रन बनाकर आउट हुईं, इनके बाद तो जैसे विकेट की झड़ी लग गई। यस्तिका भाटिया 9, जेमिमा रोड्रिग्ज 27, दीप्ति शर्मा 20 और स्नेह राणा खाता खोले बगैर ही आउट हो गयी। हरमनप्रीत कौर 44 और पूजा वस्त्राकर 17 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। दोनों के बीच 53 रन की पार्टनरशिप हो चुकी हैं, दोनों तीसरे दिन भारत की पारी आगे बढ़ाएंगी। इंग्लैंड से चार्ली डीन को 4 और सोफी एक्लेस्टन को 2 विकेट मिले।

इंग्लैंड से चार्ली डीन दूसरी पारी में 4 विकेट ले चुकी हैं।

## मेसी की फीफा वर्ल्ड कप 2022 में पहनी हुई जर्सी की हुई नीलामी, न्यूयॉर्क में 7.8 मिलियन में हुई सोल्ड

**यह जर्सियां 7.8 मिलियन डॉलर की भारी कीमत पर बिकी**

**यह इस साल की सबसे कीमती खेल की नीलामी बन गयी है**



नई दिल्ली (एजेंसी)। लियोनेल मेस्सी ने फीफा वर्ल्ड कप 2022 के मैचों दौरान जो छह जर्सियां पहनी थी गुरुवार को न्यूयॉर्क में उनकी नीलामी हुई। ऐसे में मेसी की यह जर्सियां 7.8 मिलिन डॉलर की भारी कीमत पर बिकी। सोथबी, (जहां नीलामी हुई ) के हेड ने बताया कि मेसी की इन जर्सियों के सेट कीमत ने उनसे जुड़ी किसी भी चीज की नीलामी की कीमत को पीछे थोड़ दिया है। ऐसे में यह इस साल की सबसे कीमती खेल की नीलामी बन गयी है। ऐसे में इन छह जर्सियों में वह जर्सी भी शामिल है, जिसे मेसी ने कतर में हो रहे फाइनल मैच में फ्रांस के खिलाफ पहले हॉफ में डाला था।

## न्यूज रील्स

### किट में फिड़े ट्रेनर सेमिनार का उद्घाटन




भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। विश्व शतरंज महासंघ द्वारा किट कैंपस में शुक्रवार को शतरंज प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम शुरू हुआ। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज मास्टर और फिडे के वरिष्ठ प्रशिक्षक शेखर चंद्र साहू के साथ अंतरराष्ट्रीय शतरंज मास्टर और फिडे.के वरिष्ठ प्रशिक्षक अक्षत कैम्पारिया, किट और किस स्पोर्ट्स के महानिदेशक डॉ गगनेंदु दाश, एओसीए अध्यक्ष जीसी महापात्र और एआइसीएफ के संयुक्त संपादक रंजन महांति अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत के विभिन्न हिस्सों से 40 से अधिक शतरंज प्रशिक्षकों को यह दिखाना है कि वे भविष्य में कैसे बेहतर प्रशिक्षण और सुधार कर सकते हैं।

# आइआइटी भुवनेश्वर में बंपर प्लेसमेंट

- पहले 10 दिन में मिले 200 ऑफर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर में चल रही कैंपस भर्ती प्रकिया के दौरान प्लेसमेंट में देखी जा रही है। नियोजन बाजारों में निराशाजनक परिदृश्य और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर मंदी की मार के बावजूद आइआइटी भुवनेश्वर में प्लेसमेंट में निरंतर सकारात्मक रुझान दिखायी दे रहा है और पहले 10 दिनों में लगभग 200 ऑफर प्राप्त हुए हैं। प्रथम पीढ़ी केन आइआइटी की तरह आइआइटी भुवनेश्वर में भी 1 दिसंबर से प्लेसमेंट प्रकिया शुरू हो चुकी है। शुरुआत में धीमी गति के बावजूद, प्लेसमेंट ने अब गति पकड़ ली है। कई कंपनियां कैंपस से नियुक्ति के लिए कतार में खड़ी हैं। प्लेसमेंट के पहले 10 दिनों में संस्थान में कई सॉफ्टवेयर, आइटी, कंसल्टिंग, एनालिटिक्स कंपनियों ने भाग लिया और अच्छी संख्या में नियुक्तियां की। संस्थान, पहले की तरह, छात्रों को उनके व्यावसायिक हितों के अनुसार चयन करने का अवसर प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों को आमंत्रित करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस साल बीपीसीएल, एचपीसीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ओरेकल कॉपोरेशन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, एक्सेंचर जापान, सेल्सफोर्स, जगुआर लैंड रोवर, जोमैटो, एनालॉग डिवाइसेज, टाटा कैपिटल, टाटा स्टील, मैथवर्क्स, टाइगर एनालिटिक्स, जीइ हेल्थ केयर, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड जैसे संगठन प्लेसमेंट ड्राइव में भी ले रहे हैं, जिससे छात्रों को प्लेसमेंट के व्यापक अवसर मिल रहे हैं। संस्थान को अब तक सबसे ज्यादा 64 लाख रुपये प्रति वर्ष का ऑफर मिला है। घरेलू बाजारों में मिलने वाले ऑफर के अलावा आइआइटी भुवनेश्वर के छात्रों को अब तक 4 अंतरराष्ट्रीय ऑफर भी मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा ऑफर कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के छात्रों को मिले हैं।

प्लेसमेंट के सकारात्मक रुझानों के बारे में जानकारी देते हुए प्रोफेसर अरुण कुमार प्रधान, एचओडी करियर डेवलपमेंट सेल, आइआइटी भुवनेश्वर ने कहा कि यद्यपि अर्थव्यवस्था में हुई गिरावट तथा आर्थिक मंदी ने भले ही वैश्विक व्यापार परदृिश्य और अर्थव्यवस्था को संकुचित किया है, जिसने पूरे देश में प्लेसमेंट गति को प्रभावित किया है। इसके बाद भी आइआइटी भुवनेश्वर की प्लेसमेंट में उत्साहवर्धक एवं सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली है। हमारे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों से ऑफर मिल रहे हैं। मुझे खुशी हुई कि मुख्य उद्योंगो और सार्वजनिक उपक्रमों सहित कई कंपनियां भी आइआइटी भुवनेश्वर से छात्रों को नियोजन दे रही हैं। इसके साथ-साथ यह भी उल्लेखनीय है कि अधिकतम छात्रों को प्लेसमेंट और नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने हेतु आइआइटी भुवनेश्वर में प्लेसमेंट सीजन जुलाई 2024 तक जारी रहेगा।

# खाद्य सुरक्षा योजना 5 साल के लिए बढ़ी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** मुफ्त राशन अगले 5 वर्षों तक जारी रहेगा। केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना की अवधि 5 साल और राज्य सरकार ने भी 5 साल के लिए बढ़ा दी है। राज्य सरकार की जानकारी के मुताबिक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2028 तक लोगों को पहले की तरह मुफ्त राशन दिया जायेगा। इसमें राज्य के 10 लाख लाभार्थियों को हर महीने 5 किलो चावल मुफ्त मिलेगा। इस योजना पर राज्य सरकार 1250 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

जानकारी के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य खाद्य सुरक्षा योजना की अवधि को अगले 5 वर्षों तक बढ़ा दिया है। राज्य खाद्य सुरक्षा योजना में राज्य के 3,14,923 परिवारों के 9,97,055 लोगों को शामिल किया गया है। उन्हें प्रति माह 5 किलो चावल मुफ्त मिल रहा है।

योजना की अवधि 5 वर्ष और बढ़ाने से इन लाभार्थियों को 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2028 तक यह लाभ मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार प्रति वर्ष 250 करोड़ रुपये की दर से 5 साल में 1250 करोड़ रुपये अपने कोष से खर्च करेगी। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिये हैं कि प्रदेश में गरीब व्यक्ति खाद्य सुरक्षा से वंचित न रहे।

## 12000 मीट्रिक टन गेहूं और 12241 मीट्रिक टन चावल ई-नीलामी के लिए पेश



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। गेहूं और चावल की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि भारत सरकार भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओएमएसएस (डी) के तहत चरणबद्ध तरीके से ई-नीलामी के माध्यम से गेहूं और चावल को खुले बाजार में उतारेगी। मौजूदा दर गेहूं (एफएक्यू) के लिए 2150 रुपये प्रति क्विंटल, गेहूं (यूआरएस) के लिए 2125 रुपये प्रति क्विंटल, लागू करों के साथ चावल के लिए 2900 रुपये प्रति क्विंटल है। एफसीआइ द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार ओड़िशा क्षेत्र में 14 केंद्रों से 12000 मीट्रिक टन गेहूं और 8 केंद्रों से 12241 मीट्रिक टन चावल ई-नीलामी के लिए पेश किया गया है।

## बीजू जनता दल की विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक

# ओड़िशा में परिवर्तन का नया युग शुरू : पटनायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री और बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने कहा कि बीजू जनता दल की विस्तारित राज्य कार्यकारिणी बैठक के अवसर पर सभी को मेरी शुभकामनाएं। बीजू जनता दल ओड़िशा के लाखों कार्यकर्ताओं और नेताओं को बधाई, विशेष रूप से उन लोगों को जो हमारी पार्टी के संदेश को ओड़िशा के लोगों तक ले जाने के लिए लगन से काम कर रहे हैं। मैं ओड़िशा की प्यारी जनता का हमेशा ऋणी रहूंगा कि उन्होंने हमें इतने वर्षों तक उनकी सेवा करने का अवसर दिया। हमारी पार्टी महिला सशक्तिकरण में विश्वास करती है। माताओं का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। इसलिए आज बड़ी संख्या में माताएं बीजू जनता दल में हैं। माताओं से लेकर छात्रों और युवाओं तक, बीजू जनता दल ओड़िशा के लोगों की पसंद बन गया है। हर कोई कहता है कि बीजेडी एक सफल क्षेत्रीय पार्टी है, लेकिन मैंने हमेशा कहा है कि बीजू जनता दल केवल एक पार्टी नहीं है, यह देश के सबसे सफल सामाजिक- अर्थनैतिक आंदोलनों में से एक है। सेवा हमारी पार्टी का मूल मंत्र है। हम बीजू बाबू के आदर्शों पर सेवा की भावना के साथ काम कर रहे हैं। इसके लिए ओड़िशा की जनता ने हमें आशीर्वाद के रूप में एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। कुछ लोग पूछ रहे हैं कि पार्टी चुनाव की तैयारी कैसे कर रही है। मैं कहना चाहता हूं कि चुनाव तैयारी नहीं है। हम काम में विश्वास करते हैं। मैं सेवा में विश्वास रखता हूं।

मुख्यमंत्री और बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने कहा कि ओड़िशा में परिवर्तन का एक नया युग शुरू हुआ है। इतिहास ने ऐसा परिवर्तन कभी नहीं देखा। चाहे मठ हो, मंदिर हो, स्कूल हो, कॉलेज हो, अस्पताल हो, सिंचाई की सुविधा हो, गांव-गांव सुविधा हो, लक्ष्मी योजना हो या आदिवासी भाइयों और बहनों का कल्याण हो, देश ओड़िशा के परिवर्तन का गवाह बन रहा है। ओड़िशा में निवेश बढ़ रहा है। निवेश के अवसरों, नयी नयी आईटी कंपनियां खोलने, माताओं को सशक्त बनाने, किसानों को सशक्त बनाने के मामले में ओड़िशा पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन गया है। विपक्ष हमेशा झूठ और गलत सूचना फैलाने की कोशिश करेगा। जमीनी स्तर पर इससे मजबूती से निपटना होगा। सोशल मीडिया पर इसका विरोध किया जाना चाहिए। हमें विकास का संदेश हर घर तक पहुंचाना है।

## गुगनानी मोटर्स ने होंडा बिगविंग में होंडा सीबी 350 लॉन्च किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा की पहली प्रीमियम बाइक डीलरशिप गुगनानी मोटर्स ने अपने नये एक्सक्लूसिव प्रीमियम शोरूम 'होंडा बिग विंग' भुवनेश्वर नॉर्थ, पटिया में नयी होंडा सीबी 350 लॉन्च की है। 350 सीसी इंजन वाली यह बाइक 20.78 बीएचपी की पावर पैदा करती है। बाइक में होंडा स्मार्टफोन वॉयस कंट्रोल सिस्टम (एचएसवीसीएस) भी है। मजेदार बाइकिंग राइड 5 आकर्षक रंगों में उपलब्ध है और 10 साल की वारंटी के साथ आती है। होंडा सीबी 350 में आपातकालीन स्टॉप सिग्नल है जो अचानक दुर्घटनाओं में बहुत मदद करता है। इस अवसर पर, विकास राहेजा प्रीमियम मोटरसाइकिल बिजनेस मार्केटिंग - कस्टमर एंगेजमेंट एचएमएसआइ, रोहित जादव प्रीमियम मोटरसाइकिल बिजनेस मार्केटिंग - कस्टमर एंगेजमेंट एचएमएसआइ, स्नेहासिस पाणिग्रही प्रीमियम मोटरसाइकिल बिजनेस, एचएमएसआइ, यासनीत गुघनानी, मैनेजिंग पार्टनर, एचओडी होंडा बिग विंग भुवनेश्वर उत्तर गुगनानी मोटर्स की प्रमुख उपस्थिति रही। श्री गुगनानी ने कहा कि ग्राहक इस नयी बाइक की बुकिंग शुरू कर सकते हैं।









# आइआइटी भुवनेश्वर में स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रदूषण नियंत्रण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रदूषण नियंत्रण पर पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आइसीपीसीसीइ-2023) कय उद्घाटन शुक्रवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर में किया गया है। स्कूल ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर और स्कूस ऑफ इलेक्ट्रिकल साइंसेज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य पर्यावरण विज्ञापन और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में काम करनेवाले व्यक्तियों को अपने शोध और व्यावहारिक अनुभव साझा करने के साथ-साथ पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान खोजने के लिए अनुसंधान विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करना है।

आरंभ में सम्मेलन के संयोजक प्रो राजेश रोशन दाश ने स्वागत भाषण दिया और सम्मेलन के बारे में विस्तार से बताया। आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद कर्मलकर ने प्रतिनिधियों को संबोधित किया और स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रदूषण से निपटने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों पर शोध की आवश्यकता पर बात की। इस अवसर पर प्रो मकरंद एम घांघरेकर, सिविल इंजीनियरिंग में प्रोफेसर, आइआइटी खड़कपुर और पर्यावरण इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक प्रख्यात शोधकर्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने भारत और शेष विश्व में वर्तमान अपशिष्ट प्रबंधन परिदृश्य और प्रदूषण निवारण उपायों की स्थिति पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन में ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में 24 समानांतर सत्रों के साथ 2 दिनों में आठ मुख्य भाषण और 135 से अधिक तकनीकी प्रस्तुतियाँ होंगी। तकनीकी प्रस्तुतियां मुख्य रूप से चार ट्रैकों पर केंद्रित होंगी। सम्मेलन के चयनित पेपर स्प्रिंगर द्वारा कार्यवाही पुस्तक खंड के रूप में प्रकाशित किये जायेंगे। उद्घाटन समारोह में, आइआइटी दिल्ली के सेवानिवृत्त प्रोफेसर मुकेश खरे और आइआइटी खड़गपुर से प्रोफेसर ब्रजेश दुबे उपस्थित थे। इस अवसर पर सम्मेलन के सह-संयोजक डॉ शंकरन महापात्रो ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। सम्मेलन की सह-संयोजक डॉ मनस्विनी बेहरा ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।












# भारत में 6 से 7 प्रतिशत आबादी ही जाती है दंत चिकित्सक के पास

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** प्रमुख दंत चिकित्सक और इंडियन डेंटल एसोसिएशन के संपादक डॉ अशोक ढाबले ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दांतों का ख्याल रखना चाहिए। हालांकि, भारत में कुल आबादी का केवल 6 से 7 प्रतिशत लोग ही अपने दांत के इलाज के लिए दंत चिकित्सक के पास जाते हैं। हालांकि, इस संख्या को कम से कम 15 प्रतिशत तक बढ़ाना होगा और लोगों को इसके बारे में जागरूक करना होगा। डॉ ढाबले ने शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) पर 39वें आइडीए ओडिशा राज्य सम्मेलन 2023 के उद्घाटन में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लेते हुए यह बात कही। मुख्य अतिथि डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिब्यांदू मजूमदार ने कहा कि भारत में 370 डेंटल कॉलेज और 3 लाख से अधिक दंत चिकित्सक हैं। हालांकि उन्होंने इन सभी कॉलेजों में पाठ्यक्रमों के प्रबंधन के लिए एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ ढावले ने कहा कि जहां मौखिक और दंत स्वास्थ्य पर कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, वहीं बच्चों को कम उम्र से ही दंत चिकित्सा के बारे में सिखाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राष्ट्रीय विद्यालय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद ने की।









आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**